RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 206 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 16 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## ‘ड्रोन की ताकत जंग में पलट सकती है पासा’

### ऑपरेशन सिंदूर पर बोले सीडीएस जनरल अनिल चौहान, भारत को नहीं हुआ नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि 10 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने निहत्थे ड्रोन और गोला-बारूद का इस्तेमाल किया। इनमें से किसी ने भी भारतीय सैन्य या नागरिक बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। अधिकांश को निष्प्रभावी कर दिया गया और कुछ को लगभग सही हालत में बरामद भी किया गया।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने मानेकशॉ सेंटर में यूएवी और सी-यूएएस के क्षेत्रों में विदेशी निर्माताओं से आयात किए जा रहे महत्वपूर्ण उत्पादों के स्वदेशीकरण पर लगी प्रदर्शनी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया है कि हमारे इलाके के लिए स्वदेशी रूप से विकसित काउंटर-यूएएस सिस्टम क्यों महत्वपूर्ण हैं? हमें अपनी सुरक्षा के लिए निवेश और निर्माण करना होगा।



युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि आपको क्या लगता है कि क्या ड्रोन युद्ध में विकासवादी बदलाव ला रहे हैं या क्रांतिकारी बदलाव? मुझे लगता है कि उनका विकास विकासवादी है और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे ड्रोन की तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया, आपने हमारे द्वारा लड़े गए कई युद्धों में ऐसा देखा है।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हाल के संघर्षों ने यह साफ हुआ है कि ड्रोन किस तरह से सामरिक संतुलन को असमान रूप से बदल सकते हैं। असममित ड्रोन युद्ध बड़े प्लेटफार्मों को कमजोर बना रहा है और सेनाओं को वायु सिद्धांतों, सी-यूएएस के विकास के अनुकूली कदमों के वैचारिक पहलुओं पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

सीडीएस ने कहा कि हम आयातित विशिष्ट प्रौद्योगिकियों पर भरोसा नहीं कर सकते, जो हमारे आक्रामक और रक्षात्मक मिशनों के लिए महत्वपूर्ण हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मानसून सत्र 21 जुलाई से 8 विधेयक लायेगी सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस मानसून सत्र में सरकार आठ नए विधेयक पेश करेगी। इनमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन से जुड़ा विधेयक भी शामिल है। सरकार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे साफ है कि सरकार की इस उत्तर पूर्वी राज्य में फिलहाल राष्ट्रपति शासन हटाने की कोई योजना नहीं है।

मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। राष्ट्रपति शासन के लिए सरकार को हर छह महीने में संसद की मंजूरी लेनी होती है। फिलहाल राज्य में राष्ट्रपति शासन की समयसीमा 13 अगस्त है।

संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है। साथ ही गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पारित किए जाने की उम्मीद है।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद नाबालिग लड़की से गैंगरेप

### घटना में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** जनपद के कविनगर थानाक्षेत्र में किशोरी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद नाबालिग किशोरी के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। गाजियाबाद पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आया है कि तीन आरोपित बालिग हैं और एक मुख्य आरोपित नाबालिग है। फरार मुख्य आरोपित नाबालिग व एक अन्य की तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई हैं।

एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा के मुताबिक थाना कविनगर में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के साथ गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित लक्की व दीपराज को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य (शेष पृष्ठ-3 पर)

## स्कूली बस की टक्कर से बच्ची की मौत, माँ घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में स्कूली बस की टक्कर से स्कूटी सवार मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हादसे में (7 वर्षीय) बच्ची की मौत हो गई।

सेक्टर-135 के डुप्लेक्स विला में रहने वाले नवीन कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 14 जुलाई की दोपहर को उनकी पत्नी आकांक्षा पुनिया स्कूल से (7 वर्षीय) बेटी आध्या पूनिया को लेकर घर आ रही थी। रास्ते में तेज गति में आ रही एक स्कूली बस के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उनकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सेक्टर-128 स्थित मैक्स अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

उपचार के दौरान उनकी बेटी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में भर्ती उनकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित के मुताबिक दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## ट्रक चालक ने ली पिता की जान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख में एक युवती ने ट्रक चालक के खिलाफ दुर्घटना कर मृत्यु करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। ट्रक चालक की लापरवाही से पीड़िता के पिता की दुर्घटना में जान चली गई थी। नीति खंड इंदिरापुरम जनपद गाजियाबाद में रहने वाली अल्पना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने बेटे के साथ पिता गजेंद्र तिवारी के साथ किराए के मकान में रह रही है। उसके पिता ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निराला वार्ड ट्रायो सेक्टर-2 में सुपरवाइजर के पद पर तैनात थे। 21 जून को उसके पिता जल्दबाजी में घर से खाना नहीं लाए थे। 2 बजे के करीब वह खाना लेकर उनके कार्यस्थल पर पहुंची। करीब सवा दो बजे तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने उनके पिता को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनने की योजना में फिर लगे ब्रेक!

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के ड्रीम प्रोजेक्ट यानी उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की योजना पर अब फिर ग्रहण लग गया है। पांचवी बार इस योजना में ब्रेक लग गए हैं। अब नये सिरे से फिर टेंडर निकाले जाने की तैयारी की जा रही है।

प्राधिकरण के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पांचवी बार इस मॉडल रोड को बनाने के लिए टेंडर फाइनल कर दिया गया था। एक महीने बाद भी चयनित कंपनी के काम की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई। अब इस चयनित कंपनी का टेंडर निरस्त किया जा रहा है।




बता दें कि इसके पूर्व भी चौथी बार टेंडर प्रक्रिया के बाद चयनित एजेंसी का टेंडर निरस्त कर दिया गया था। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी महेन्द्र प्रसाद का कहना है कि मौजूदा एजेंसी का टेंडर निरस्त किया जा रहा है। अब नये सिरे से टेंडर फिर निकाला जाएगा। उनका तर्क है कि एक से अधिक कंपनियों के न होने से प्रतिस्पर्धा न रहने के कारण गुणवत्ता अच्छी नहीं रहती है। इसलिए अब नये सिरे से टेंडर निकाला जाएगा। बता दें कि सेक्टर-1 गोलचक्कर से लेकर सेक्टर-11 (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। थाना प्रभारी विद्युत गोयल ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-57 चौकी चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर-54 की तरफ से बाइक पर आ रहे एक युवक को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने अचानक बाइक मोडने का प्रयास किया जिस कारण वह स्लिप होकर गिर गई। उसके बाद पुलिस ने पैदल भाग रहे बाइक सवार को दौड़ा कर दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पुलिस को देख भागा बदमाश गोली ने किया लंगड़ा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पकड़े गए बदमाश पर विभिन्न थानों में 16 मुकदमे पंजीकृत हैं।

एडीसीपी ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस द्वारा चौगानपुर गोल चक्कर पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया लेकिन वह रुका नहीं और मोटरसाइकिल को मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने बाइक सवार का पीछा किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आईसीआईसीआई बैंक के मैनेजर ने किया बड़ा फर्जीवाड़ा, उद्यमी को लोन दिलाकर 4 करोड़ हड़पे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उद्यमी को 10 करोड़ रुपए का लोन दिला कर कमीशन के नाम पर 4 करोड रुपए हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित उद्यमी ने इस संबंध में आईसीआईसीआई बैंक के रीजनल मैनेजर सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश के बाद थाना एक्सप्रेसवे में दर्ज किया गया।

नोएडा के सेक्टर-129 स्थित मैसेज ओसीफाई इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संदीप कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी कंपनी इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने का कार्य करती है। उसने अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए वर्ष 2021 में लोन एजेंट सलमान से संपर्क किया तथा उसे 10 करोड रुपए लोन दिलाने की बात की। लोन एजेंट ने उसे दिल्ली निवासी आशीष गोगिया से मिलवाया। लोन एजेंट सलमान और आशीष गोगिया ने उसे नोएडा के सेक्टर-18 स्थित आईसीआईसीआई बैंक शाखा की कर्मचारी प्रियंका अग्रवाल व रीजनल मैनेजर संतोष सिंह से मिलवाया और उन्हें लोन के बारे में बताया।

प्रियंका अग्रवाल व रीजनल मैनेजर ने बताया कि 10 करोड रुपए का लोन देने के लिए वह आवेदक की इतनी ही धनराशि की प्रॉपर्टी को मॉर्गेज करते हैं और उसके बाद ही लोन देते हैं। उसने जब बताया कि उसके पास इतनी कीमत की प्रॉपर्टी नहीं है तो रीजनल मैनेजर और बैंककर्मी ने कहा कि वह इसका इंतजाम कर देंगे। उन्होंने कहा कि उसे एक व्यक्ति (शेष पृष्ठ-3 पर)

## उबर चालक को आई झपकी कार डिवाइडर से टकराई

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-142 में उबर कंपनी के ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चला कर दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि दुर्घटना के बाद ऊबर चालक उन्हें अस्पताल पहुंचाने के बजाय मौके से फरार हो गया। ग्रेटर नोएडा के ग्राम खानपुर निवासी विपिन कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 जून कि देर रात्रि को को वह अपने दोस्त आशुतोष वर्मा निवासी गाजियाबाद के साथ दिल्ली एयरपोर्ट से ग्रेटर नोएडा आ रहा था। सुबह 5 बजे के करीब उनकी कार एडवांट टावर के पास पहुंची। आशुतोष ने उबर कैब के चालक को नींद में देखकर उसे गाड़ी साइड करने को कहा। नींद में कैब का चालक संतुलन खो बैठा और उसने गाड़ी डिवाइडर से टकरा दी। दुर्घटना में आशुतोष बेहोश हो गया और उसे भी चोटे आई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## टप्पेबाजी करने वाले गिरोह से मुठभेड़, 5 गिरफ्तार




**नोएडा (चेतना मंच)।** टप्पेबाजी करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान थाना सेक्टर-39 पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि चार बदमाश को पुलिस ने कांबिंग के दौरान दबोचा। इनके पास से तमंचा, कारतूस, रुमाल में बंधी कागज की गड्डी व पांच मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

नोएडा जोन के एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम एक्सप्रेसवे से सेक्टर 37 की तरफ मुड़ने वाले कट पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर 37 की तरफ कार से आ रहे कुछ लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार सवार दादरी रोड की तरफ भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने कार का पीछा किया। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने कार ग्रीन बेल्ट में मोड़ दी। हड़बड़ी में उनकी कार एक पेड़ से टकराकर बंद हो गई। इसके बाद कार से पांच युवक निकले और उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। उसके चार साथी मौके से फरार हो गए। एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए घायल बदमाश की पहचान विकास पुत्र जयप्रकाश निवासी भागलपुर हाल पता जे जे कॉलोनी बवाना दिल्ली के रूप में हुई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 39 अवैध निर्माणों पर लटकी ध्वस्तीकरण की तलवार

### प्राधिकरण की अधिसूचित व कब्जा प्राप्त जमीनों पर बने हैं अवैध भवन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सलारपुर खादर में 24 खसरा नंबरों पर हुए अवैध निर्माण पर कभी भी बुल्डोजर चल सकता है। नोएडा प्राधिकरण ने सभी अवैध निर्माणों पर नोटिस चस्पा कर एक सप्ताह की मोहलत दी है। नोटिस में कहा गया है कि वे इस दौरान अवैध निर्माण ध्वस्त कर लें वर्ना प्राधिकरण उन्हें ध्वस्त करेगी तथा खर्चा की भरपाई भी अवैध निर्माण करने वालों से की जाएगी। इस कार्रवाई से सभी में हड़कंप मच गया है।



### 24 खसरा नंबरों पर बने अवैध भवन

प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर खादर पुलिस चौकी के पीछे खसरा संख्या 723, 724 नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित व खसरा संख्या 727, 728, 729, 730, 731, 732, 733, 734, 735, 736, 737, 738, 739, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752 व 753 प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि है। यहां पर अवैध निर्माण किया गया है।

प्राधिकरण की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए। साथ ही पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर अवैध रूप से निर्मित बिल्डिंगों पर नोटिस चस्पा कराए गए। इस दौरान प्राधिकरण की ओर से की जा रही कार्यवाही के विरोध में ब ?ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। पुलिस बल द्वारा उनको समझाबुझाकर पीछे किया गया। नोटिस के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर अवैध निर्माण को स्वयं के स्तर से हटाये जाने व अपना जवाब देने का समय दिया गया।

समय पर जवाब नहीं देने और अवैध निर्माण नहीं हटाने पर प्राधिकरण इसे ध्वस्त या सील करेगा। साथ ही इस भूमि पर किसी प्रकार की खरीद फरोख्त न की जाये। जिससे आम जनमानस को कोई वित्तीय हानि न हो।

### इन अवैध निर्माणों पर गिरेगी गाज

मोहम्मद अयूब व याकूब, सुनील शर्मा व राहुल शर्मा, सलीम व शमीम, मै0 एसए प्रमोटर्स द्वारा पार्टनर के द्वारा सुनील कुमार पुत्र धीरज सिंह, मैसर्स प्रॉपर्टी अरीना इनक्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रिषिपाल, महर्षि आश्रम के द्वारा राहुल भारद्वाज, मैसर्स एनर्जी बिल्डिंग सोल्यूसन्स प्रालि के द्वारा विजय त्रिवेदी, एनर्जी बिल्डिंग सोल्यूसन्स प्रालि के द्वारा संजीव कुमार त्रिपाठी, मैसर्स क्वालिस्टिक टेक्नोज प्रालि के द्वारा सुभाष कुमार भाटी, डालमिया लेटेक्स लिमिटेड के द्वारा अभिषेक जैन, विकास गोयल, नीदरलैंड इंडिया कम्युनिकेशन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जालम सिंह, जयाकुमारी, मैसर्स ब्रेकथ्रू इंटरप्राइजेज एलएलपी के द्वारा सर्वेश मिश्रा, जयविन्द, जुगल किशोर गौतम, रामकुमार हरीश व हरिश्चन्द, मिन्टू व रिन्कू व राजेश, राहुल कसाना, मैसर्स स्टूडेंट इंटरनेशनल मेडिटेशन सोसाइटी द्वारा विनीत कुमार श्रीवास्तव, सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र सिंह, सिंहवाहिनीं इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा सूरजभान, प्रदीप सिंह, गोपाल सागर इंफ्रा प्रालि द्वारा हेरी बजाज, प्राइमस अल्टिमा के द्वारा पवन जिंदल, मैसर्स अरीना प्रापर्टी इंफ्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रामनाथ यादव, शेखर कुमार, कृष्ण कन्हैया, अंकित कुमार, आरिफ, शमीम मलिक, महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के द्वारा प्रमोद कुमार सिंह, अरशद अली, फैज अंसारी, एकता बिल्डर्स एंड इन्जीनियर्स प्रालि द्वारा निखिल कुमार को नोटिस दिए गए।

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए।



भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?

भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है। चाहे चीन या पाकिस्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि 'जो सरकार करे, उसका विरोध करो', चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो। इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मज़ाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है।

भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की ज़रूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं। लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा।

भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो। बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुस्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह एक सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं था, बल्कि एक लोकतांत्रिक शुद्धिकरण था। यह सुधार न केवल चुनावों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। परन्तु कुछ राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और इसे जातीय आंकड़ों, राजनीतिक संतुलन और चुनावी गणित से जोड़कर कोर्ट का रुख किया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण संविधान सम्मत प्रक्रिया है और इसे बाधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को न केवल वैध बताया, बल्कि उसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक भी बताया। यह फैसला यह भी दर्शाता है कि अब समय आ गया है जब चुनावी ईमानदारी को राजनीतिक शोरगुल और वोट बैंक की राजनीति के शोर में दबाया नहीं जा सकता। विपक्ष की प्रतिक्रिया लगभग स्वचालित होती जा रही है, चाहे मुद्दा हो आर्थिक सुधार का, रक्षा नीति का, विदेश नीति का, या अब मतदाता सूची सुधार का। प्रश्न यह उठता है कि क्या हर सुधार प्रक्रिया, चाहे वह कितनी भी लोकतांत्रिक या पारदर्शी हो, विपक्ष के लिए मात्र एक राजनैतिक खतरा है? विपक्ष का यह रवैया यह दर्शाता है कि उसे संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा कम और अपनी राजनीतिक गणनाओं पर भरोसा अधिक है।

एक सामान्य नागरिक के लिए सबसे बड़ा अधिकार है वोट देना। यदि कोई सुधार प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि एक भी फर्जी वोटर सूची में न हो, कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं, जाति, धर्म या राजनीति से ऊपर उठकर नागरिकता के आधार पर मतदाता सूची बने, तो फिर उसका विरोध क्यों ?विपक्ष इस डर से ग्रस्त है कि यदि मतदाता सूची साफ-सुथरी हो गई, तो उनके कथित परंपरागत वोट बैंक कमजोर हो सकते हैं। उन्हें डर है कि जातीय और क्षेत्रीय समीकरण बदल सकते हैं। लेकिन यह तर्क लोकतंत्र के मूल सिद्धांत के विरुद्ध है। लोकतंत्र 'जो है, उसे प्रतिबिंबित करे', न कि 'जो चाहिए, उसे निर्मित करे'।

**– ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## भाषा का विरोध

भले ही जनाधार खोते राजनेता नई शिक्षा नीति के तीन भाषा फॉर्मूले का विरोध अपनी राजनीति चमकाने के लिये कर रहे हों, लेकिन इस दिशा में किए गए नये प्रयोग आशा की नई किरण भी जगा रहे हैं। यह निर्विवाद सत्य है कि बच्चा अपनी मातृभाषा में जितनी आसानी और सहजता से सीख सकता है, उतना किसी थोपी गई भाषा में नहीं। तमाम शिक्षाविद् और भाषाविज्ञानी मानते रहे हैं कि दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले शब्दों व परिवेशगत ज्ञान विद्यार्थियों को जल्दी सीखने में मददगार हो सकता है। देश में 121 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। वहीं मातृभाषाओं की संख्या सोलह से अधिक है। इतनी अधिक भाषायी विविधता वाले देश में, जब बच्चे अपने आसपास जो देखते और महसूस करते हैं, वो उनकी स्मृतियों में स्थायी बस जाते हैं। जब ये बातें उनके शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनती हैं, तो वे इसका आसानी से अंगीकार कर लेते हैं। कई शिक्षा आयोगों ने भी इसी बात की वकालत की है। इसी सोच के चलते देश के विभिन्न भागों में तीन भाषा फॉर्मूले को लेकर कई प्रयोग हो रहे हैं। इस रचनात्मक पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिसके निष्कर्ष बताते हैं कि मातृभाषा में पढ़ाई करने से बच्चों की सीखने की गति तेज हुई है। इससे साक्षरता की दर में सकारात्मक बदलाव आया है। इतना ही नहीं इससे जहां छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा है, वहीं उनकी कक्षा में सहभागिता भी बढ़ी है। सही मायनों में नई शिक्षा नीति में तीन भाषा फॉर्मूले का मकसद भी यही रहा है। विगत के अनुभव बताते हैं कि जब छात्र-छात्राओं को उनकी मातृभाषा से इतर अन्य भाषा में पढ़ाया जाता रहा है तो इसका असर उनकी सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है। ऐसे में दूर-दराज के गांव-देहात या आदिवासी इलाकों से आने वाले विद्यार्थी अन्य शहरी बच्चों का मुकाबले करने में असफल हो जाते हैं। जिससे उनके स्कूल छोड़ने के प्रतिशत में भी वृद्धि होती है। मौजूदा स्थितियों में तीन भाषा फॉर्मूले को लेकर किए जा रहे नये प्रयोग नई उम्मीद जगा रहे हैं। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउडेंशन ने छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान और ओडिशा के 13 जिलों में बच्चों को उनकी राज्यभाषा और अंग्रेजी के साथ-साथ मातृभाषा में पढ़ाने के लिये राज्य सरकारों के साथ मिलकर बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया। इससे न केवल चयनित जिलों में बच्चों की साक्षरता दर में सुधार हुआ, बल्कि उनमें अन्य भाषा को सीखने की अभिरुचि भी बढ़ी है। एक महत्वपूर्ण प्रयोग के रूप में प्रारंभिक कक्षाओं में स्थानीय भाषा, सांस्कृतिक परंपराओं व परंपरागता ज्ञान को शामिल करने के लिये स्थानीय समुदायों की मदद भी ली गई। जिसमें स्थानीय परिवेश में उपजी लोककथाओं, स्थानीय संस्कृति आधारित कहानियां तथा कई पीढ़ियों से हासिल पारंपरिक ज्ञान को भी शामिल किया गया। बच्चों की पढ़ाई में रुचि बनी रहे, इसके लिये रचनाधर्मिता का सहारा भी लिया गया। जिसमें मौखिक शिक्षा प्रणाली का भी उपयोग किया गया। ऐसी शिक्षण सामग्री तैयार की गई जिससे बच्चे आसानी व रुचि के साथ आसानी से सीख सकें। मसलन कविता पोस्टर, कहानी के पात्रों के चित्र, वार्तालाप दर्शाने वाले चार्ट, शब्द कार्ड, वर्ण मात्रा कार्ड तथा चित्रों के जरिये कहानी बताने वाली किताबें इसमें शामिल की गईं। जिसने छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि जगायी और वे आसानी से सीखने लगे। उदाहरण के लिये छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में जहां पचास फीसदी बच्चे हल्बी बोलते थे, वहां हिंदी में पढ़ाई करने से शिक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ रहे थे। इस क्षेत्र में प्रारंभिक कक्षाओं में हल्बी को हिंदी के साथ जोड़कर पढ़ाया गया। इस शैक्षिक कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के बाद सर्वे में यह सामने आया कि बस्तर में औसतन साक्षरता की दर में इकतीस फीसदी की, संख्या ज्ञान में पच्चीस फीसदी और वर्ण-अक्षर पहचान में छब्बीस फीसदी का सुधार हुआ। इसके अलावा मौखिक पाठन में चौदह फीसदी का सुधार आया। निश्चित रूप से इस अभिनव पहल ने देश को संदेश दिया कि मातृभाषा में शिक्षण से साक्षरता व शिक्षा की गुणवत्ता में आशातीत बदलाव लाया जा सकता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वे (वानर) पर्वतों और जंगलों में जहाँ-तहाँ अपनी-अपनी सुंदर सेना बनाकर भरपूर छा गए। यह सब सुंदर चरित्र मैंने कहा। अब वह चरित्र सुनो जिसे बीच ही में छोड़ दिया था॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**अवधपुरीं रघुकुलमनि राऊ। बेद बिदित तेहि दसरथ नाऊँ॥**
**धरम धुरंधर गुननिधि ग्यानी। हृदयँ भगति भति सारँगपानी॥**

अवधपुरी में रघुकुल शिरोमणि दशरथ नाम के राजा हुए, जिनका नाम वेदों में विख्यात है। वे धर्मधुरंधर, गुणों के भंडार और ज्ञानी थे। उनके हृदय में शार्ंगधनुष धारण करने वाले भगवान की भक्ति थी और उनकी बुद्धि भी उन्हीं में लगी रहती थी॥

**दो0-कौसल्यादि नारि प्रिय सब आचरन पुनीत।**
**पति अनुकूल प्रेम दृढ़ हरि पद कमल बिनीत॥**

उनकी कौसल्या आदि प्रिय रानियाँ सभी पवित्र आचरण वाली थीं। वे (बड़ी) विनीत और पति के अनुकूल (चलने वाली) थीं और श्री हरि के चरणकमलों में उनका दृढ़ प्रेम था॥

**एक बार भूपति मन माहीं। भै गलानि मोरें सुत नाहीं॥**
**गुर गृह गयउ तुरत महिपाला। चरन लागि करि बिनय बिसाला॥**

एक बार राजा के मन में बड़ी ग्लानि हुई कि मेरे पुत्र नहीं है। राजा तुरंत ही गुरु के घर गए और चरणों में प्रणाम कर बहुत विनय की॥

(क्रमशः...)

## अमरीकी बिल : कर्ज लेकर कर रियायतें

इन दिनों अमरीका में एक बिल, जो चर्चा और विवाद दोनों में है, वो है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वन बिग ब्यूटीफुल बिल, जिसे ओबीबीबीए भी कहा जाता है। हालांकि यह बिल आखिरकार संसद द्वारा पारित होने का बाद राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित भी कर दिया गया है, लेकिन इस प्रक्रिया में, इस बिल ने एक दोस्ती को अवश्य तोड़ दिया है, जो हाल ही में सुर्खियों में थी, जहां एलन मस्क को राष्ट्रपति ट्रंप के लिए मंगलकारी मित्र के रूप में देखा जा रहा था, क्योंकि उन्होंने उन्हें राष्ट्रपति पद दिलाने में उनकी बड़ी भूमिका थी। एलन मस्क तो इस कानून से इतने नाराज हैं कि उन्होंने एक नए राजनीतिक दल का गठन भी कर दिया है। जबकि राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि उनका बिल अमरीका में पहले से कहीं ज्यादा समृद्धि लाएगा और अमरीका को फिर से महान बनाने में मदद करेगा। एलन मस्क सहित आलोचकों का मानना है कि यह बिल अमरीकी अर्थव्यवस्था के लिए कहर ढा सकता है। कौन सही है और कौन गलत, इस पर कोई भी निर्णय देने से पहले, यह समझने की कोशिश करें कि इस बिल का क्या मतलब है। हालांकि, इस बिल से आने वाले दशक में संघीय घाटे में 3.3-3.9 ट्रिलियन की वृद्धि होने का अनुमान है। वर्तमान में, अमरीकी ऋण की स्थिति (2025 तक) यह है कि अमरीका का राष्ट्रीय ऋण 34 ट्रिलियन से अधिक है, जो कि उसके सकल घरेलू उत्पाद के 120 प्रतिशत से भी अधिक है, और एक विकसित देश के दृष्टिकोण से भी, बहुत अधिक है। यह स्पष्ट है कि अमरीका का संघीय ऋण पहले से ही बहुत अधिक है, और इस सीमा को बढ़ाने पर ब्याज व्यय अमरीका के लिए आर्थिक परिदृश्य को और खराब कर सकता है।
मौजूदा ऋण पर ब्याज भुगतान पहले से ही सबसे बड़ा संघीय व्यय है, जो रक्षा और स्वास्थ्य व्यय के लगभग बराबर है, आने वाले वर्षों में यह परिदृश्य और भी खराब हो सकता है। हालांकि, इस नए कानून से संघीय ऋण में एक बड़ी उछाल आएगी, लेकिन समय-समय पर बढ़ते ऋण के कारण, अमरीकियों को इसकी अनिवार्यता का एहसास हो गया है। शायद, यही कारण है कि हालांकि, इसके प्रभाव से अवगत लोग तो चिंतित हैं, लेकिन आम जनता शायद नहीं है। इस कारण ट्रंप संसद और आम जनता के बीच भी बिल के लिए समर्थन हासिल करने में सफल हुए हैं। लेकिन बाजार डोनाल्ड ट्रंप के लिए इतने दयालु नहीं हैं, क्योंकि वे बढ़ते ऋणों से संभावित जोखिमों का संकेत दे रहे हैं। अमरीकी सरकार के बांडों की यील्ड बढ़ रही है क्योंकि निवेशक ऋण रखने के लिए अधिक रिटर्न की मांग कर रहे हैं। कुछ विशेषज्ञों ने सरकारी ऋण की यील्ड में वृद्धि होने पर राजकोषीय संकट की चेतावनी भी दी है। अगर अमरीका अपने कर्ज को नियंत्रित नहीं कर पाता है या विश्व में डॉलर में भरोसा कम हो जाता है, तो संकट बढ़ सकता है। फिच जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भी दीर्घकालिक राजकोषीय चुनौतियों का हवाला देते हुए अमरीकी क्रेडिट को डाउनग्रेड कर दिया है। एक अन्य प्रावधान है जो विवादास्पद रहा है, वो है स्वच्छ ऊर्जा कर क्रेडिट को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का प्रावधान। स्वच्छ ऊर्जा कर क्रेडिट को राष्ट्रपति बिडेन के मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम (आईआरए) 2022 के तहत शामिल किया गया था। इस मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई कर प्रोत्साहन शुरू किए थे, जिनमें सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कर, घरेलू ऊर्जा दक्षता उन्नयन सहित कई प्रकार के कर क्रेडिट शामिल हैं। ये क्रेडिट स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश को बढ़ावा देने, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और कम कार्बन अर्थव्यवस्था में संक्रमण को गति देने के लिए डिजाइन किए गए थे। नया कानून एक निश्चित समयावधि में, आमतौर पर 2 से 5 वर्षों में, इनमें से कई क्रेडिट को वापस कर देगा। इन टैक्स क्रेडिट को वापस लेने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि ये अनावश्यक रूप से सरकारी हस्तक्षेप और बाजार विकृति को बढ़ावा देते हैं। इन प्रोत्साहनों की लागत सैकड़ों अरबों डॉलर है और इससे राष्ट्रीय ऋण में वृद्धि होती है।
डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि जीवाश्म ईंधन और पारंपरिक उद्योगों को समान अवसर मिलना चाहिए। उनका कहना है कि ऊर्जा नीति को केवल कार्बन-मुक्ति पर नहीं, बल्कि सामर्थ्य और विश्वसनीयता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विरोधियों का कहना है कि इन क्रेडिट को वापस लेने से स्वच्छ ऊर्जा की तैनाती धीमी हो जाएगी और जलवायु कार्रवाई कमोर हो जाएगी। यह कदम अक्षय अवसंरचना और घरेलू विनिर्माण में निजी निवेश को हतोत्साहित कर सकता है, जिससे पर्यावरण लक्ष्य और स्वच्छ तकनीक क्षेत्र में नौकरियां भी खतरे में पड़ सकती हैं। मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम से स्वच्छ ऊर्जा कर क्रेडिट को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करके, यह कानून अमरीकी ऊर्जा और जलवायु नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित करता है। जहां भारत सहित पूरी दुनिया में सरकारें हरित ऊर्जा विस्तार को बढ़ावा देने हेतु बड़े प्रयास कर रही हैं, ट्रंप प्रशासन का यह कदम प्रतिगामी माना जा रहा है। नए कानून के तहत, संयुक्त राज्य अमरीका में रहने वाले व्यक्ति से देश के बाहर रहने वाले व्यक्ति को भेजे जाने वाले धन के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रेषण पर 1 फीसदी कर लगाया जाएगा। यह ध्यान देने योग्य है कि सदन के संस्करण में शुरू में तो 3.5 फीसदी कर का प्रस्ताव था, लेकिन सीनेट ने इसे कम कर दिया। वन बिग ब्यूटीफुल बिल 119वीं अमरीकी कांग्रेस द्वारा पारित एक अमरीकी संघीय कानून है जिसमें कर और व्यय नीतियां शामिल हैं जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के एजेंडे का मूल आधार हैं। इस विधेयक पर राष्ट्रपति ट्रंप ने 4 जुलाई 2025 को हस्ताक्षर किए थे। हालांकि इस कानून को लोकप्रिय रूप से वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट के रूप में जाना जाता है, लेकिन सीनेट संशोधन प्रक्रिया के दौरान इस आधिकारिक संक्षिप्त शीर्षक को विधेयक से हटा दिया गया था।

***-प्रो. अश्वनी महाजन***
***पूर्व कालेज प्रोफेसर***

## राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, षष्ठी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अनाब-शनाब खर्च होंगे। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा, अज्ञात भय। मानसिक परेशानी रहेगी। प्रेम, संतान करीब करीब ठीक है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय प्रभावित रहेगा। थोड़ा सा यात्रा में कष्ट संभव है। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
कोर्ट कचहरी से दूर रहें। कुछ अधिकारियों से पंगेबाजी न करें। व्यापारिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा कष्टकारी हो सकती है। स्वास्थ्य प्रभावित है। प्रेम, संतान, व्यापार अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी में कोई रिस्क न लें। रिस्क बना हुआ है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी की स्थिति मध्यम रहेगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार आपका अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
गृह कलह के बड़े संकेत हैं। मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान, व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति मध्यम दिख रही है। अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
धन हानि के संकेत हैं। निवेश अभी वर्जित रहेगा। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। प्रेम, संतान अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मन घबराहट, बेचैनी में बना रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

# शारदा विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ख्वाजा फारूक रेंजुशा, कश्मीर सोसाइटी के अध्यक्ष; शिप्रा पाठक, वाटर वूमन; प्रोफेसर हरिशंकर सिंह, बीबीए विश्वविद्यालय, लखनऊ; विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाई.के. गुप्ता; और वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने फैकल्टी के साथ शिक्षा में हो रहे परिवर्तनों को लेकर चर्चा की और ऐसी नीतियां अपनाने की बात कही जो छात्रों के लिए मददगार हों। विश्वविद्यालय परिसर में उन्होंने पौधारोपण भी किया।



कार्यक्रम में ख्वाजा फारूक रेंजुशा, कश्मीर सोसाइटी के अध्यक्ष ने बताया कि कश्मीर में पहला फिल्म महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सूफी कार्यक्रम आयोजित करने वाले वे पहले व्यक्ति थे, जो 1990 और 2000 के दशक के सबसे कठिन दौर में आयोजित किए गए थे, जब कट्टरपंथियों ने कश्मीर में इन पर प्रतिबंध लगा दिया था। वे पिछले 3 दशकों से लगातार वैचारिक आधार पर काम कर रहे हैं और उनकी किताबें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्पष्ट राष्ट्रीय धारणा और कश्मीर की 4000 वर्ष पुरानी सभ्यतागत पहचान के पुनरुद्धार के साथ उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में शिक्षा को लेकर सरकार जो कार्य कर रही है, वह सराहनीय है।

विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाई.के. गुप्ता ने कहा कि जब से मानव सभ्यता का सूर्य उदय हुआ है, तभी से भारत अपनी शिक्षा तथा दर्शन के लिए प्रसिद्ध रहा है। यह सब भारतीय शिक्षा के उद्देश्यों का ही चमत्कार है कि भारतीय संस्कृति ने संसार का सदैव पथ-प्रदर्शन किया है और आज भी जीवित है। वर्तमान युग में भी महान दार्शनिक एवं शिक्षा-शास्त्री इसी बात का प्रयास कर रहे हैं कि शिक्षा भारत में प्रत्येक युग में अलग-अलग उद्देश्यों पर आधारित रही है। इसलिए वर्तमान भारत जैसे जनतांत्रिक देश के लिए उचित उद्देश्यों के निर्माण के संबंध में प्रकाश डालने से पूर्व हमें अतीत की ओर देखना होगा।

# सेक्टर बीटा-1 में सीवर लाइन व्यवस्था ध्वस्त, नागरिकों का फूटा गुस्सा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर बीटा-1 के निवासी इन दिनों सीवर की बदहाल व्यवस्था से खासे परेशान हैं। पिछले 6-7 महीनों से लगातार सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, जिससे सड़कें गंदे पानी से लबालब हैं। कई स्थानों पर सीवर लाइन बैठ गई है। लेकिन समाधान के लिए न तो जिम्मेदार अधिकारी ज़मीन पर उतर रहे हैं और न ही कोई स्थाई उपाय होता दिख रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह इन गंभीर समस्याओं का मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं कर रही हैं। वहीं, सीवर विभाग के सीनियर मैनेजर ए.पी. वर्मा, मैनेजर संध्या सिंह, सहायक प्रबंधक नवीन सक्सेना और टेक्निकल एक्सपर्ट ललित भी अब तक स्थिति से अनभिज्ञ है।

## किसान दिवस आज

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह के तृतीय बुधवार 16 जुलाई 2025 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रात: 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उप कृषि निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आयोजित होने वाले किसान दिवस में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें।

# भाकियू की समीक्षा बैठक





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दनकौर में कैंप कार्यालय पर 30 जुलाई को दनकौर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सामने अंडरपास के नीचे होने वाली महापंचायत को लेकर भाकियू की एक समीक्षा बैठक की गई।

आबादियों का निस्तारण, 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवज़ा, 10 फीसदी विकसित भूखंड, यमुना एक्सप्रेसवे का आगरा तक का मुआवज़ा, बच्चों को रोज़गार, सर्किल रेट में बढ़ोतरी एवं एयरपोर्ट से प्रभावित ग्रामों को विस्थापन नीति में संशोधन ये सभी प्रमुख मुद्दे हैं जिनका समाधान नहीं किया जा रहा है। पंचायत गौतमबुद्ध नगर से आगरा तक के सभी ज़िलों में 30 जुलाई को की जा रही है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर जनजागरण अभियान के तहत महापंचायत को सफल बनाने की तैयारी में जुट गए हैं।

# विकास पुरूष हैं भाजपा विधायक पंकज सिंह : प्रधान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी (ओबीसी) मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रधान (जलपुरा) ने कहा है कि नोएडा के भाजपा विधायक पंकज सिंह विकास पुरुष हैं। उन्होंने कहा कि जब से पंकज सिंह नोएडा विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, तभी से यह क्षेत्र शिक्षित हुआ है और यहां सर्वाधिक विकास हुआ है।



उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निस्तारण करना पंकज सिंह के लिए सबसे महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश को एक समृद्ध राज्य बनाने में जो योगदान दे रही है, वह सराहनीय है।

मनोज प्रधान ने एक बार फिर दावा किया है कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश के आम विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनेगी।

# डूब क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रहा बिजली आपूर्ति का बड़ा खेल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कुलेसरा एवं लखनावनी के डूब क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली की आपूर्ति का खेल बंद नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि कुलेसरा एवं लखनावनी सहित आसपास के क्षेत्रों में, जहां विद्युत कनेक्शन प्रतिबंधित हैं, वहां पर बिजली माफिया लोगों से अवैध वसूली कर बिजली की आपूर्ति करवा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस खेल में लखनावनी गांव का एक दबंग व्यक्ति शामिल है, जो एनपीसीएल अफसरों पर दबाव बनाकर यह खेल चला रहा है। जानकारी के अनुसार, करोड़ों रुपए की अवैध बिजली आपूर्ति वर्षों से की जा रही है। कई बार जब एमपीएससी के अधिकारी छापेमारी करते हैं, तो ये बिजली माफिया धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारियों पर दबाव बनाकर अपने हितों को साधने में सफल हो जाते हैं।



सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनावनी के डूब क्षेत्र में एमपीएससी द्वारा विद्युत कनेक्शन देने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा गया है, लेकिन लाखों की संख्या में बने मकानों में बिजली कहां से जगमगा रही है यह एक बड़ा प्रश्न है।

यदि इस पर कड़ी कार्रवाई की जाए, तो कई लोगों की अवैध कमाई बंद हो सकती है। लेकिन यहां पर वही पुरानी कहावत लागू होती दिखाई दे रही है बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधेगा? अब देखना यह है कि क्या एनपीसीएल अवैध रूप से हो रही बिजली आपूर्ति पर रोक लगाती है या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## पृष्ठ एक के शेष....

**'ड्रोन की ताकत ...**

विदेशी तकनीक पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को सीमित करती है तथा इससे जीवन निर्वाह के लिए महत्वपूर्ण पुर्जों की कमी और चौबीसों घंटे उपलब्धता की कमी हो जाती है।

कार्यशाला के लिए अपने संदेश में सीडीएस ने लिखा कि गैर-संपर्क युद्ध के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में यूएवी एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। भारत जैसे राष्ट्र के लिए यूएवी और सी-यूएएस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता न केवल एक रणनीतिक अनिवार्यता है, बल्कि यह भारत को अपना भाग्य बनाने, अपने हितों की रक्षा करने और भविष्य के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाने के बारे में भी है।

**इंस्टाग्राम पर दोस्ती...**

आरोपित तुषार एवं मुख्य आरोपित नाबालिग फरार है। मुख्य आरोपित ने ही छात्रा से इंस्टाग्राम पर बात की थी और सोसायटी में स्थित फ्लैट पर पहुंच गया था। वह अपने साथ तीन अन्य दोस्तों को भी ले गया था। छात्रा के पिता का आरोप है कि घटना के समय वह काम पर गए हुए थे जबकि उनकी पत्नी बाजार गई थीं। इसी बीच आए चारों लड़कों ने उनकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

**उद्योग मार्ग को मॉडल...**

झुंडपुरा तिराहे तक 2.5 किमी लम्बे उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की तैयारी कई माह से चल रही है। लेकिन इतना समय बीतने के बाद भी अभी तक निर्माण करने वाली एजेंसी का चयन नहीं हो सका है। इस योजना में करीब 40 करोड रूपये खर्च का अनुमान है। जिसमें 32 करोड़ रूपये सिविल कार्य में खर्च किए जाने हैं। लेकिन अभी तक प्राधिकरण की यह योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है।

**ट्रक चालक ने ...**

दुर्घटना के बाद ड्राइवर ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया।

पीड़िता के मुताबिक यह पूरी दुर्घटना सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और ट्रक चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**आईसीआईसीआई बैंक के...**

को अपने कंपनी में डायरेक्टर बनना होगा। उक्त व्यक्ति तथा उसकी प्रॉपर्टी को संयुक्त कर उस पर बैंक द्वारा लोन कर दिया जाएगा। लोन में से 30 प्रतिशत की धनराशि उक्त व्यक्ति को देनी होगी। पैसों की जरूरत होने के कारण उसने बैंक के रीजनल मैनेजर व बैंककर्मी की बात मान ली। इसके बाद उन्होंने उसे अनिल शर्मा साउथ पटेल नगर दिल्ली निवासी से मिलवाया।

पीड़ित के मुताबिक उसने अनिल शर्मा को अपनी कंपनी में डायरेक्ट बना दिया और उसके 300 वर्ग गज के प्लाट व अपने प्लॉट को बैंक में गिरवी रखकर 10 करोड रुपए का लोन ले लिया। संदीप कुमार के मुताबिक लोन होने के बाद उक्त सभी लोगों ने उससे कमीशन के रूप में चार करोड रुपए ले लिए। कुछ समय बाद प्रियंका अग्रवाल व रीजनल मैनेजर संतोष सिंह ने उसे दिए गए लोन के ब्याज में अत्यधिक वृद्धि कर दी तथा 2024 में उसके लोन को रिन्यू करने से मना कर दिया। फरवरी 2024 में उसे बिना कोई नोटिस दिए व कारण बताए बैंक ने लोन एनपीए घोषित कर दिया। उसने बैंक जाकर जब लीगल अधिकारी से जानकारी की तो उसे पता चला कि जिस प्रॉपर्टी को आधार बनाकर उसे लोन दिया गया था उसमें अनिल शर्मा द्वारा दिए गए दस्तावेज फर्जी हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त सभी लोगों ने एक षड्यंत्र रचकर प्रॉपर्टी के कूट रचित दस्तावेज बनाकर लोन दिलाने के नाम पर उससे 4 करोड रुपए हड़प लिए हैं। उसने इस संबंध में थाना एक्सप्रेसवे में शिकायत दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई।

न्यायालय ने सुनवाई के बाद अनिल शर्मा, आशीष जोगिया, आइसीआइसीआइ बैंक के रीजनल मैनेजर संतोष सिंह, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर व लोन एजेंट सलमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए।

**उबर चालक को...**

रास्ते से गुजर रहे एक अनजान व्यक्ति ने दोनों को अपनी कार से सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार लेने तथा घायल आशुतोष को एडमिट कराने के बाद वह वापस घटना स्थल पर गया तो वहां ड्राइवर और गाड़ी दोनों ही नदारद मिले। विपिन कुमार के मुताबिक यह दुर्घटना उबर कैब चालक की लापरवाही के कारण हुई है। उन्होंने चालक और कंपनी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**टप्पेबाजी करने वाले...**

इसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और उसके फरार साथियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कांबिंग के दौरान रंजन, मोहम्मद कुर्बान, पिंटू उर्फ संजय व अमन को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से रुमाल में बंधी कागज की गड्डी और पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी लोगों टप्पे बाजी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

**चोरी की बाइक...**

आरोपी ने अपना नाम अंकुल पुत्र रामबाबू निवासी शाहजहांपुर बताया। अंकुल ने बताया कि वह हाल में चौड़ा गांव में किराए पर रह रहा है। बाइक के बारे में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने यह बाइक कुछ दिन पहले सेक्टर-22 से चोरी की थी और आज वह इसे बेचने के लिए जा रहा था।

पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस इसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस को देख भागा...

इस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक गोली बदमाश के पैर में लगी और वह घायल हो गया।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मोहित उर्फ लंगड़ा निवासी ग्राम रामगढ़ी थाना जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर बताया। वह हाल में कुलेसरा गांव में किराए पर रह रहा है। इसके पास से मोबाइल फोन, तमंचा कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई है।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पर नोएडा के विभिन्न थानों में 16 मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## एसीईओ ने की जल-सीवर की समीक्षा, कार्यो को तेज करने के निर्देश

# वन सिटी वन ऑपरेटर का आरएफपी जल्द तैयार करने के निर्देष

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने मंगलवार को जल-सीवर विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। दोनों विभागों के अंतर्गत चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।





जल विभाग की समीक्षा करते हुए एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि वन सिटी वन ऑपरेटर की परिकल्पना को साकार करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) शीघ्र तैयार कराएं। उन्होंने आरएफपी बनाने रही कंपनी को समय अधिक लगने पर कठोर चेतावनी भी दी। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण वन सिटी वन ऑपरेटर के अंतर्गत शहरी व ग्रामीण एरिया में जलापूर्ति से लेकर रखरखाव तक के कार्यों के लिए एक एजेंसी रखने की तैयारी कर रहा है। इसका आरएफपी तैयार कराया जा रहा है। एसीईओ ने एजेंसी को आरएफपी जल्द बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्मार्ट वाटर मीटर परियोजना को भी मूर्त रूप में लाने की तैयारी चल रही है। इस परियोजना की स्वीकृति प्रक्रिया शीघ्र पूरा कर वाटर मीटर लगाने का कार्य कराया जाएगा। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने इस परियोजना में तेजी लाने के निर्देष दिए। पहले चरण में 10 फीसदी कनेक्शन पर वाटर मीटर लगाने की तैयारी है। इससे जल की बर्बादी भी रुकेगी और सप्लाई बेहतर हो सकेगी। एसीईओ ने जल की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर सप्लाई के लिए बनी चेकलिस्ट को फॉलो करने के निर्देश दिए। सीवर विभाग की समीक्षा करते हुए एसीईओ ने कहा कि सीवर से जुड़ी कोई भी शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्या को हल कराएं। उन्होंने एनटीपीसी को सीवरेज के शोधित पानी की आपूर्ति करने की परियोजना को भी प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके लिए एनटीपीसी के साथ एमओयू साइन होना है।

इस बैठक में महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, सभी संबंधित मैनेजर व अधिकारीगण मौजूद रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0: पी0आर0वाई0जे0-सिग-407-2025-26 दिनांक: 10.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/ समन्वय/ उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 13.08.2025 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | पी0आर0वाई0जे0-सिग-407-2025-26 | "सीनियर डी.एस.टी.ई/अलीगढ़ के अनुभाग में सिग्नल, लोकेशन बॉक्स, ग्राउंड कनेक्शन आदि जैसी खराब सिग्नलिंग संपत्ति के प्रतिस्थापन के लिए विविध कार्य तथा इसी अनुभाग में पानी के रिसाव से बचने के लिए एल.एस.सी/ई.सी.यू पर छत की मरम्मत या अतिरिक्त छत का प्रावधान।" |
| | अनुमानित मूल्य (रुपये में): Rs. 14053471.55/- (एक करोड़ चालीस लाख तिरेपन हजार चार सौ इकहत्तर रुपये और पचपन पैसा केवल) | |
| | निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रुपये में) : 220300.00 | |
| | कार्य समापन की अवधि: 12 माह | निविदा बंद होने/खुलने की तिथि: 13.08.2025 |
| 2 | निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। |
| 3 | बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप: निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। | |
| 4 | निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान | निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 15:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। |
| 5 | निविदा की वैधता | निविदा खुलने के 60 दिन तक। |
| 6 | निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार | रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1228/25 (ADM) |

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः- निविदा सूचना संख्या-** LS-GD-2025-CabAC_Retrofit, "इलेक्ट्रिक इंजनों में ट्रूफ सहित, कैब में एयर कंडीशनिंग का रेट्रो-फिटमेंट और कैब के थर्मल इन्सुलेशन का प्रावधान", **अनुमानित लागत (रू में):** ₹ 3,76,58,565.00, **निविदा की अवधिः** 24 माह, **अग्रिम धन राशि (रू में):** ₹ 3,38,300.00 । **नोटः- 1.** ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 06/08/2025, 12:00 बजे । **2.** इस ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताये तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **3.** निविदाकार, ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से सम्बंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान मे लेना सुनिश्चित करे।

**समंविइं/टीआरएस लोको शेड गोण्डा**
**मुजाधि/विद्युत-92**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**
**सं.-इज्जत/सी/ई-ऑक्शन/2025/07 दिनांक 14.07.2025**

वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एन.एफ.आर. एवं विज्ञापन ठेकों हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं। ऑक्शन कैटेलॉग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत् है:- **श्रेणी:** NFR; **कैटलॉग सं०:** MSS-IZN-NFR-202; **एसेट विवरण:** इज्जतनगर मंडल के काठगोदाम स्टेशन पर तीन वर्ष हेतु प्रीपेड टैक्सी बूथ के स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए अनुबंध; **ऑक्शन प्रारंभ:** 25.07.2025 को 12:00:00 बजे; **ऑक्शन समापन:** 25.07.2025 को 12:30:00 बजे; **श्रेणी:** NFR; **कैटलॉग सं०:** MSS-IZN-NFR-202; **एसेट विवरण:** इज्जननगर मंडल के काठगोदाम स्टेशन पर तीन वर्ष हेतु हस्तशिल्प/हस्तकरघा/स्मारिका कियॉस्क के स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए अनंबंध; **ऑक्शन प्रारंभ:** 25.07.2025 को 12:00:00 बजे; **ऑक्शन समापन:** 25.07.2025 को 12:40:00 बजे; **1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **5.** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर**
**मुजाधि/वाणिज्य-84**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**खास खबर**

### बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस सतर्क

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के ई-मेल पर मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी अज्ञात शख्स ने दी। इसकी जानकारी मिलते ही मुंबई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज परिसर की गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को सुबह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को मिले धमकी भरे ई-मेल में दावा किया गया था कि बीएसई टावर की इमारत में चार आरडीएक्स आईईडी बम लगाए गए हैं और ये दोपहर 3 बजे फटेंगे। यह धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले शख्स ने अपना नाम 'कॉमरेड पिनाराई विजयन' बताया था। धमकी मिलने पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद बम निरोधक दस्ते और स्थानीय पुलिस इकाइयां घटनास्थल पर पहुंची और परिसर का गहन निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### युवाओं को कलाम को सलाम अवार्ड

**नई दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने घोषणा की है। अल्पसंख्यक मोर्चा 27 जुलाई से कलाम को सलाम अवार्ड शुरू करने जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर मुस्लिम युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। युवा उद्यमियों को डॉक्टर कलाम को सलाम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड उन मुस्लिम युवाओं को नई पहचान देगा। जो अपने नवाचार के साथ आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। 16 जुलाई से 6 अगस्त के बीच ऑनलाइन आवेदन पत्र मंगाए जा रहे हैं। 3 से 6 अगस्त तक नामांकनों की शॉर्ट लिस्टिंग होगी। 6 से 9 अगस्त के बीच में चयनित प्रतियोगियों को आमंत्रण भेजा जाएगा। दिल्ली में 12 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम में सभी विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा की जा रही है। इस पुरस्कार को डॉक्टर कलाम को सलाम अवार्ड के तहत युवा अवार्ड 2.0 से सम्मानित किया जाएगा।

### मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** टूण्डला थाना पुलिस एवं एसओजी टीम ने सोमवार देर रात 25 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उसके दोनों पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार बदमाश हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रवि शंकर प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि 11 जुलाई को थाना टूण्डला क्षेत्र अन्तर्गत बड़ा चौराहा डाक घर वाली गली शिवपुरी में एक निमार्णाधीन दुकान की छत पर एक शव मिला था। उसकी गला कसकर हत्या की गई थी। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई। मृतक के पिता ने थाने में तहरीर दी की उसका बेटा मोहित 10 जुलाई की रात 8 बजे घर से भाई के पास जाने की बात कहकर निकला था।

# एलसीए तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमान के लिए भारत को अमेरिका से मिला दूसरा जीई-404 इंजन

- एचएएल को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक जीई एयरोस्पेस से 12 इंजन मिलने की उम्मीद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारत को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क 1ए लड़ाकू विमान के लिए अमेरिका से दूसरा जीई-404 इंजन मिल गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 12 जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। ये इंजन एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों में लगाए जाएंगे। भारतीय वायु सेना ने 83 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों के ऑर्डर दिए हैं और रक्षा मंत्रालय की मंजूरी के बाद 97 और ऐसे विमान खरीदने का प्रस्ताव अंतिम चरण में है। भारत ने फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 48 हजार करोड़ का एक समझौता किया था। इस अनुबंध में 73 तेजस मार्क 1ए जेट और 10 प्रशिक्षक विमान शामिल थे। भारतीय वायु सेना को 2024 में पहली खेप मिलने की उम्मीद थी, लेकिन इसी बीच अमेरिकी कंपनी जीई




एयरोस्पेस (जीई) ने एफ-404 इंजन का उत्पादन बंद कर दिया। भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी, लेकिन इसमें लगने वाले इंजन की अमेरिका से आपूर्ति में देरी की वजह से इंतजार लंबा हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मार्च में वाशिंगटन यात्रा के दौरान इंजन आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया गया था। इसके बाद विक्रेता-संबंधी व्यवधानों को दूर करने के बाद जीई ने उत्पादन फिर से शुरू कर दिया। आखिरकार एयरोस्पेस ने भारत के स्वदेशी लड़ाकू जेट एलसीए मार्क-1ए के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इंजन की आपूर्ति शुरू कर दी। कंपनी ने इसी साल 26 मार्च को पहला इंजन वितरित किया।

## भारत में चल रहा बाबा वाद, गलत व्यक्ति के चक्कर में न पड़ें: धीरेंद्र शास्त्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बागेश्वर धाम के प्रमुख और कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने छांगुर बाबा द्वारा कथित धर्मांतरण के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छांगुर बाबा ने धर्म की आड़ में कई महिलाओं का शोषण किया, गंदे कृत्यों को अंजाम दिया और हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया। धीरेंद्र शास्त्री ने अपने बयान में हिंदू समुदाय को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत में अभी बाबा वाद बहुत चल रहा है। हमें बाबाओं से दिक्कत नहीं है, आप से दिक्कत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी गलत व्यक्ति के चक्कर में न पड़ें। गलत परंपरा, गलत संस्कृति, गलत विचारधारा और गंदी मानसिकता वाले व्यक्ति के संरक्षण में जाने से वह आपको भी भ्रष्ट कर देगा। इसका सबसे बड़ा नुकसान हिंदू धर्म को होगा। शास्त्री ने कहा कि हमने पहले भी कहा है कि सब कुछ टूटे पर किसी का भरोसा न टूटे। हम ये कहेंगे कि तुम बाबाओं के चक्कर में मत पड़ो, बल्कि बालाजी के चक्कर में पड़ो। उन्होंने साफ कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होने और सही मार्ग पर चलने की जरूरत है। बता दें हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस ने छांगुर बाबा के कारनामों का पदार्फाश किया है। पुलिस ने छांगुर बाबा को धर्मांतरण और महिलाओं के शोषण के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया है। पुलिस को जांच में पता चला कि छांगुर बाबा एक संगठित नेटवर्क के जरिए धर्मांतरण का धंधा चला रहा था। उसने जाति के आधार पर धर्मांतरण के लिए अलग-अलग रकम तय की हुई थी। पुलिस ने छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और अवैध धर्मांतरण जैसे मामलों में मुकदमे दर्ज है।

## ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर में ई-आराधना दूरस्थ श्रद्धालुओं के लिए बनी वरदान

- स्पीड पोस्ट से श्रद्धालुओं को भेजा जा रहा है प्रसाद, प्रशासन की ऑनलाइन



एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ओंकारेश्वर मंदिर प्रशासन द्वारा शुरू की गई ई-आराधना सुविधा एक अत्यंत सराहनीय पहल बनकर उभरी है। भगवान महादेव का जलाभिषेक और पूजन करना हर शिव भक्त की आत्मिक आस्था से जुड़ा है। कई बार पारिवारिक या व्यावसायिक कारणों से श्रद्धालु स्वयं मंदिर में उपस्थित नहीं हो पाते हैं। मंदिर की वेबसाइट पर पूजन-आरती तथा जलाभिषेक आदि सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं इस संबंध में खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि कि ओंकारेश्वर मंदिर की वेबसाइट पर महामृत्युंजय जाप, पार्थेश्वर पूजन, पंचामृत अभिषेक, नर्मदा आरती, नर्मदा पूजन तथा जलाभिषेक आदि पूजन सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। वेबसाइट पर जाकर श्रद्धालु तिथि व समय का चयन कर सकते हैं। निर्धारित समय पर भक्तजन वीडियो लिंक के माध्यम से लाइव पूजा में शामिल हो सकते हैं। पूजन संपन्न होने के पश्चात प्रसाद को स्पीड पोस्ट के माध्यम से श्रद्धालु के पते पर भेजा जाता है। वहीं, राजस्थान के कोटा निवासी नरेंद्र गोयल ने ×ई-आराधना× का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने ओंकारेश्वर मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जलाभिषेक की ऑनलाइन बुकिंग की। निर्धारित समय पर ऑनलाइन माध्यम से उन्होंने पूजन-अर्चन में भाग लिया और पूजा के उपरांत भगवान ओंकारेश्वर का प्रसाद स्पीड पोस्ट से उनके घर तक पहुंचाया गया। गोयल ने इसे ×संतोषजनक और आस्था से परिपूर्ण अनुभव× बताया और देश-विदेश के श्रद्धालुओं से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।यह सेवा उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध हो रही है जो भौगोलिक दूरी या स्वास्थ्य संबंधी कारणों से ओंकारेश्वर नहीं पहुंच सकते। इस पहल से आस्था और तकनीक का सुंदर संगम हुआ है, जो अन्य तीर्थ स्थलों के लिए भी अनुकरणीय बन सकता है।

## कुतुबमीनार से 42 मीटर ऊंचे पुल, 32 टनल होकर गुजरेगी ट्रेन



- रेलवे ने मिजोरम में सैरंग से बैरबी तक बिछाई नई रेल लाइन प्रभावित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे पूर्वोत्तर के मिजोरम में ट्रेन का सफर शुरू करने जा रही है। रेलवे ने मिजोरम में सैरंग से बैरबी तक नई रेल लाइन बिछाई है। सैरंग आइजोल से करीब 21 किमी दूर है, वहीं, बैरबी असम सीमा के पास है। इस ट्रैक पर ट्रेन का ट्रायल पूरा हो चुका है। जल्द ही इस नए रेल रूट से ट्रेन चलना शुरू हो जाएंगी। इसके साथ ही आइजोल पूर्वोत्तर की चौथी राजधानी बन जाएगी, जो रेल लाइन से कनेक्ट हो जाएगी।यह ट्रैक करीब 51 किमी लंबा है, लेकिन इस छोटे सफर में यात्रियों को भरपूर आनंद मिलेगा। इस लाइन पर 32 टनल हैं। छोटे-बड़े मिलकर 87 ब्रिज और अंडरपास हैं। इस लाइन की खास बात यह भी है कि एक पुल कुतुबमीनार से 42 मीटर ऊंचा है, जहां से ट्रेन गुजरेगी। इससे सफर के दौरान आपको हवा में ट्रेन चलने का अहसास होगा। जिरीबाम इंफाल और दीमापुर जुबजा (कोहिमा) तक रेल लाइन तैयार हो रही है, जल्द ही इस पर भी ट्रेन चलने लगेगी। अरुणाचल, त्रिपुरा और मणिपुर पहले से रेल लाइन से कनेक्ट हो चुके हैं।

## मानसरोवर यात्राः वीजा प्रक्रिया में देरी से कारण भारतीय तीर्थयात्री काठमांडू में फंसे

एजेंसी

**काठमांडू।** काठमांडू स्थित चीनी दूतावास की ओर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए वीजा प्रक्रिया में देरी करने के कारण करीब 5000 से अधिक भारतीय श्रद्धालु काठमांडू में फंसे हुए हैं। नेपाल में कैलाश मानसरोवर की यात्रा कराने वाले टूरिस्ट और ट्रैकिंग कंपनियों ने चीनी दूतावास से अनुरोध किया है कि वो वीजा प्रक्रिया में देरी किए बिना भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा को सहज बनाने में मदद करे। भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा कराने वाले टूर ऑपरेटरों के संगठन एसोसिएशन ऑफ कैलाश टूर ऑपरेटर्स नेपाल के महासचिव प्रदीप पंडित ने बताया कि चीनी दूतावास की तरफ से वीजा प्रक्रिया में विलंब किए जाने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेपाल और चीन को जोड़ने वाला तातोपानी नाका और रसुवा नाका दोनों ही इस बार बाढ़, बारिश तथा भूस्खलन के कारण बंद हो गए हैं। इस कारण से भी सड़क मार्ग से कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले भारतीय श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। प्रमोद पंडित ने बताया कि इस समय पांच हजार से अधिक भारतीय तीर्थयात्री काठमांडू में ही फंसे हुए हैं।

## पनामा में 6.2 की तीव्रता से आया भूकंप

एजेंसी

**पनामा।** पनामाम में आए भूकंप ने लोगों को जमकर डराया। यहां के प्रशांत तट पर 6.2 की तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप इतना जोरदार था कि लोग आनन-फानन में घर से बाहर भागने लगे। जोरदार भूकंप से पनामा सहम गया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप से तत्काल किसी नुकसान या हताहत की सूचना नहीं मिली है। इस भूकंप की गहराई धरती से 10 किलोमीटर अंदर थी। यूएसएजीएस यानी यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने इसकी जानकारी दी। हालांकि पनामा में भूकंप कोई नई बात नहीं है, क्योंकि यह देश टेक्टॉनिक प्लेटों की सीमा पर स्थित है। इसके कारण समय-समय पर भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं। हालांकि, इस बार के भूकंप का केंद्र अपेक्षाकृत गहराई पर था, जिसके कारण सतह पर इसका प्रभाव सीमित रहा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि झटके हल्के से मध्यम थे, और कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा किए। यूएसएजीएस के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार दोपहर के समय पनामा के चिरिकी प्रांत में पुंटा बुरिका से करीब 130 मील (210 किलोमीटर) दक्षिण में आया। इसकी गहराई प्रारंभिक रूप से 10 किलोमीटर (6 मील) थी। यह क्षेत्र कोस्टा रिका की सीमा के पास है। यह भूकंपीय गतिविधियों के लिए जाना जाता है। चिरिकी और आसपास के पश्चिमी पनामा क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि भूकंप के कारण सुनामी का कोई खतरा नहीं है। पनामा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि वह स्थिति पर नजर रख रही है, लेकिन अभी तक बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान होने की सूचना नहीं है। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया, हम सभी प्रभावित क्षेत्रों से जानकारी जुटा रहे हैं और किसी भी संभावित प्रभाव का आकलन कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बरसात से तबाही, 15 की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मानसून की बारिश ने कहर बरपाया। आंधी-पानी और बाढ़ से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अकेले पंजाब प्रांत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 62 घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा में छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, दोनों प्रांतों में सोमवार को काले बादलों ने आसमान को चीर दिया। मूसलाधार बारिश से अधिकांश इलाके जलमग्न हो गए। छतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। पिछले 24 घंटों में अकेले



पंजाब में कम से कम नौ लोगों की जान चली गई। रावलपिंडी से राजनपुर और उसके आगे बाढ़ जैसा नजारा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जून के अंत से अब तक देशभर में मानसून से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या 111 हो गई है। सैकड़ों घर ढह गए हैं।

## अमेरिकी शिक्षा विभाग में छंटनी का रास्ता साफ




एजेंसी

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन अब संयुक्त राज्य अमेरिका के शिक्षा विभाग में अपने हिसाब से छंटनी कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने फैसले में ट्रंप प्रशासन को शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर छंटनी की योजना को अनुमति प्रदान कर दी। इस योजना पर पहले एक संघीय न्यायाधीश ने रोक लगा दी थी। रूढ़िवादी बहुमत वाली शीर्ष अदालत ने बिना किसी स्पष्टीकरण के प्रशासन की आपातकालीन अर्जी को स्वीकार कर लिया। एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, शीर्ष अदालत के तीन उदारवादी सदस्यों ने इस फैसले पर आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति सोनिया सोतोमयोर ने तो तीखी असहमति व्यक्त की। उन्होंने लिखा, कार्यपालिका ने सार्वजनिक रूप से कानून तोड़ने की अपनी मंशा की घोषणा की है। न्यायपालिका का कर्तव्य यह है कि उसे ऐसा करने से रोके ना कि मनमानी करने की छूट दे। सोतोमयोर ने कहा, न्यायालय का बहुमत या तो जानबूझकर अपने फैसले के निहितार्थों के प्रति अंधा है या फिर नासमझ है। यह फैसला संविधान के शक्तियों के पृथक्करण के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि यह फैसला संविधान की स्पष्ट अवहेलना करता है।

## ताइवान के वायु क्षेत्र में घुसे चीन के सैन्य विमान

एजेंसी

**ताइपे (ताइवान)।** चीन अपनी विस्तारवादी नीति से बाज नहीं आ रहा। आज सुबह चीन के सैन्य विमानों ने ताइवान में घुसपैठ की। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि मंगलवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों, सात नौसैनिक जहाजों और एक आधिकारिक जहाज को सक्रिय होते देखा गया। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चीन के 26 सैन्य विमानों में से 21 ने मध्य रेखा पार करके ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान के सशस्त्र बलों ने माकूल जवाब देने के लिए अपने विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय मिसाइल प्रणालियां तैनात कीं। एक अन्य एक्स पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सशस्त्र बलों ने रात्रिकालीन रन-वे मरम्मत अभ्यास किया। साथ ही दूरस्थ द्वीपों पर सैनिकों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाने के लिए भोर में लाइव फायर अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 जुलाई को भी चीन ने ताइवान में घुसपैठ की थी। तब ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि सुबह ताइवान के आसपास चीन के 14 सैन्य विमानों, नौ नौसैनिक जहाजों और एक आधिकारिक जहाज को देखा गया। मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर यह विवरण साझा करते हुए कहा था कि ताइवान के सशस्त्र बल स्थिति पर नजर रख रहे हैं। ताइपे टाइम्स अखबार की हालिया खबर के अनुसार, चीन अपने जहाजों के माध्यम से ताइवान इलाके में गुआम के आसपास समुद्री तल का मानचित्रण कर रहा है। इससे उसे समुद्र के नीचे केबल बिछाने में मदद मिल सकती है और वह इसका सैन्य उपयोग भी कर सकता है।



## न्यूयॉर्क व पांच उपनगरों में तूफान से तबाही, न्यू जर्सी में आपातकाल

- मेट्रो सिस्टम के कुछ हिस्सों में पानी भर गया। प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। इसका असर विमानों के आगमन और प्रस्थान पर भी पड़ा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क और पांच उपनगरों में तूफान से भारी तबाही हुई है। सब-वे और राजमार्गों पर पानी भर गया है। प्रशासन ने भारी बारिश की सभी पांच उपनगरों में बाढ़ की चेतावनी जारी की । न्यू जर्सी के गवर्नर फिलिप डी. मर्फी ने हालात के मद्देनजर आपातकाल की घोषणा की। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, सोमवार रात न्यूयॉर्क शहर और उसके उपनगरों में भारी बारिश हुई है। इससे मेट्रो सिस्टम के कुछ हिस्सों में पानी भर गया। प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। इसका असर विमानों के आगमन और प्रस्थान पर भी पड़ा। धीमी गति के इस तूफान ने मध्य-अटलांटिक के बड़े हिस्से को पानी-पानी कर दिया। इस वजह से मध्य वर्जीनिया से न्यूयॉर्क शहर तक अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का पानी मेट्रो ट्रेन के डिब्बों में घुस गया। इस दौरान वाहन जलमग्न हो गए। बाढ़ के पानी ने एक पेट्रोल पंप के ईंधन पंपों को तहस-नहस कर दिया। मौसम विज्ञानी जो वेगमैन ने




बताया कि कुछ इलाकों में सात इंच तक बारिश हुई। सोमवार देर रात तूफान कमजोर पड़ गया। सोमवार रात राष्ट्रीय मौसम सेवा ने न्यूयॉर्क के सभी पांच उपनगरों में बाढ़ की चेतावनी जारी की। आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए आगाह किया। न्यूयॉर्क शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, क्वींस के रिचमंड हिल इलाके में बिजली गुल होने से लगभग 1,000 लोग प्रभावित हुए। मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी ने रात लगभग 11 बजे से पहले बताया कि मैनहट्टन में कई सब-वे स्टेशनों में पानी भर जाने के कारण निलंबित की गई 1, 2 और 3 सब-वे लाइनों पर सेवा बहाल कर दी गई है। एमटीए ने बताया कि स्टेटन आइलैंड रेलवे ने भी दोनों दिशाओं में परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। इस दौरान एमटीए ने ग्रैंड सेंट्रल स्टेशन से आने-जाने वाली हार्लेम और न्यू हेवन रेल लाइनों पर देरी और संभावित निलंबन की चेतावनी दी। न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के बीच एनजे ट्रांजिट के कई बस मार्गों को परिवर्तित कर दिया गया है। एनजे ट्रांजिट के अनुसार, न्यूयॉर्क के पेन स्टेशन और न्यू जर्सी के ट्रेंटन के बीच रेल सेवा अब निर्धारित समय पर चल रही है। उधर, न्यू जर्सी के गवर्नर फिलिप डी. मर्फी ने राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के बीच आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

## यूक्रेन की अगली प्रधानमंत्री होंगी यूलिया स्विरीडेन्को

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन की अगली प्रधानमंत्री यूलिया अनातोलीवना स्विरीडेन्को होंगी। सोवियत संघ के चेर्निगोव में 25 दिसंबर, 1985 को जन्मीं यूलिया इस समय यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री (प्रथम) हैं। वो मौजूदा प्रधानमंत्री डेनिस श्म्यहाल का स्थान लेंगी। उनके जन्मस्थान का नाम बदलकर चेर्निहीव हो चुका है। चेर्निहीव अब यूक्रेन में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने उनकी नई जिम्मेदारी तय की है। जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट में लिखा, " मैंने प्रस्ताव दिया है कि यूलिया स्विरीडेंको यूक्रेन सरकार का नेतृत्व करें। वह प्रधानमंत्री कार्यालय के कामकाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाएं। मैं निकट भविष्य में नई सरकार



की कार्ययोजना के प्रस्तुतीकरण की प्रतीक्षा कर रहा हूं। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने यूलिया स्विरीडेंको के साथ बैठक की। हम दोनों ने यूक्रेन को समर्थन देने के संबंध में यूरोपीय और अमेरिकी साझेदारों के साथ हुए समझौतों के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट पर चर्चा की। हम दोनों ने यूक्रेन की आर्थिक क्षमता बढ़ाने, यूक्रेनवासियों के लिए सहायता कार्यक्रमों का विस्तार करने और घरेलू हथियारों के उत्पादन को बढ़ाने के ठोस उपायों पर भी चर्चा की।

## खास खबर

### शो में विराट की भूमिका में रजत वर्मा की एंट्री

मुंबई। सोनी सब का पारिवारिक ड्रामा इत्ती सी खुशी के शो में अभिनेता रजत वर्मा की एंट्री हो रही है, जो निभाएंगे विराट का किरदार। विराट एक रहस्यमयी और अंतर्मुखी इंसान है। पहली नजर में वह निडर, मददगार और दूसरों के लिए हर हद तक जाने वाला लगता है। अन्विता के लिए वह एक पहेली है — एक ऐसा व्यक्ति जो अपने स्नेह में अडिग है, लेकिन जिसकी मुस्कान के पीछे जटिल अतीत छिपा है। यही रहस्य और उलझन उनके रिश्ते में बाधाएं भी खड़ी करती है, और विराट को अन्विता की ज़िंदगी में एक अनोखा, रहस्यमय स्थान दिलाती है।

### नैसकॉम ने लांच किया यूएस सीईओ फोरम

न्यूयॉर्क। भारत-अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी साझेदारी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उद्योग संगठन नैसकॉम ने नैसकॉम यूएस सीईओ फोरम की शुरूआत की है। इस मंच का उद्घाटन हाल ही में न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में किया गया। इस मंच का उद्देश्य दोनों देशों के बीच तकनीकी सहयोग, नवाचार और प्रतिभा विकास को बढ़ावा देना है। यह भारत और अमेरिका के अग्रणी प्रौद्योगिकी उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां वे रणनीतिक संवाद और साझेदारी के नए अवसरों पर विचार-विमर्श कर सकेंगे। कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार को इस मंच का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के सीईओ और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा सह-अध्यक्ष होंगे।

### मुंबई में टेस्ला का पहला एक्सपीरियंस सेंटर खुला

मुंबई। इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने मंगलवार को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में भारत का पहला एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किया। इस मौके पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टेस्ला से भारत में अनुसंधान, विकास और विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया। फडणवीस ने कहा ?कि हम चाहते हैं कि टेस्ला अपने अनुसंधान और निर्माण की प्रक्रिया भारत में ही करे। महाराष्ट्र इस यात्रा में उसका भागीदार बनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मुंबई में पहला सेंटर खोलना राज्य और शहर पर टेस्ला के विश्वास को दर्शाता है।

### फोनपे ने ढुकराल को सार्वजनिक नीति प्रमुख नियुक्त किया

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे ने मेटा के पूर्व कार्यकारी शिवनाथ ठुकराल को सार्वजनिक नीति और सरकारी मामलों का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। ठुकराल मेटा में प्रौद्योगिकी और वित्तीय समावेशन से जुड़ी नियामक रणनीतियों का नेतृत्व कर चुके हैं। अब वे फोनपे में नीतिगत भागीदारी और रणनीतिक पहलों की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे सह-संस्थापक समीर निगम और राहुल चारी को रिपोर्ट करेंगे। समीर निगम ने ठुकराल के अनुभव को फोनपे के लिए एक महत्वपूर्ण पूंजी बताया। ठुकराल ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम और यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप जैसे प्रतिष्ठित संगठनों से भी जुड़े रहे हैं।

### टेस्ला ने भारत में रखा कदम, मुंबई में खोला अपना पहला शोरूम

मुंबई। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला ने मंगलवार को अपना पहला शोरूम मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में खोल दिया। इस शोरूम को 'एक्सपीरियंस सेंटर' कहा जा रहा है। टेस्ला की मॉडल कार अब भारत में बिकेगी। कंपनी ने कार की शुरूआती कीमत 59.89 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, मुंबई) रखी है, जो अमेरिका की तुलना में 28 लाख रुपये ज्यादा है। उद्घाटन समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र चाहता है कि टेस्ला, भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करे। उन्होंने कहा कि टेस्ला ने सही राज्य और सही शहर में कदम रखा है, क्योंकि कई वर्षों से जिसका इंतजार हम कर रहे थे।

# भारत की विकास यात्रा के केंद्र में शिक्षा बनी रहनी चाहिए : हरदीप पुरी

- शिक्षा राष्ट्र की प्रगति के लिए बुनियादी आधार है
- ऐतिहासिक सुधार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2014 के बाद और सशक्त किया गया




एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा भारत की विकास यात्रा के केंद्र में बनी रहनी चाहिए। पुरी ने भारत में स्कूली शिक्षाः सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच विषय पर सामाजिक विकास परिषद के द्वारा यहां आयोजित संगोष्ठी में यह बात कही। पुरी ने जोर देकर कहा कि शिक्षा राष्ट्र की प्रगति के लिए बुनियादी आधार है। आज की 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का भारत का सफर सार्वभौमिक, उच्चगुणवत्ता और समावेशी शिक्षा के माध्यम से ज़िम्मेदार और उत्पादक नागरिकों की एक पीढ़ी के पोषण पर निर्भर करता है। शिक्षा के अधिकार की संवैधानिक गारंटी के बाद से साक्षरता, नामांकन और स्कूल के बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि 2002 में वाजपेयी सरकार के दौरान 86वें संविधान संशोधन अधिनियम के जरिए शिक्षा के अधिकार की संवैधानिक नींव डाली गई थी, जिसने अनुच्छेद 21-ए के तहत इसे मौलिक अधिकार बनाकर 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की गारंटी दी। इस निर्णायक कदम ने प्राथमिक शिक्षा को एक नीति निर्देशक सिद्धांत से एक प्रवर्तनीय अधिकार में बदल दिया, जिसके परिणामस्वरूप 2009 में आरटीई अधिनियम पारित हुआ। पुरी ने कहा कि इस ऐतिहासिक सुधार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2014 के बाद और सशक्त किया गया, जब इसे प्राथमिकता देते हुए अनेक प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से लागू किया गया। उन्होंने बताया कि युवा साक्षरता दर लगभग 97 फीसदी तक पहुंच गई है, लैंगिक साक्षरता अंतर में उल्लेखनीय कमी आई है, जिसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों से बल मिला है। वहीं, प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर 84 फीसदी से बढ़कर 96 प्रतिशत हो गई है और उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन 62 फीसदी से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गयी है।

## लॉरिट्ज नुडसेन ने आयोजित किया प्रौद्योगिकी दिवस औद्योगिक नवाचार को मिला नया आयाम




एजेंसी

जमशेदपुर। भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिकल और स्वचालन कंपनी लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने झारखंड के जमशेदपुर में सफलतापूर्वक प्रौद्योगिकी दिवस (टेक दिवस) का आयोजन किया। यह आयोजन कंपनी के डीप इंडिया अभियान के तहत 30 शहरों के टेक्नोलॉजी टूर का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उभरते औद्योगिक केंद्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में इस्पात, बिजली, ऑटो सहायक उपकरण क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित 150 से अधिक उद्योग हितधारकों, एमएसएमई, नीति निर्माताओं और स्वचालन विशेषज्ञों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य विषय रहा द्द स्थानीयकृत और स्मार्ट औद्योगिक समाधानों की बढ़ती मांग। कंपनी के सीओओ नरेश कुमार ने कहा कि हम भारत के औद्योगिक भविष्य की जरूरतों को समझते हुए, महानगरों से परे औद्योगिक केंद्रों को स्मार्ट, सुरक्षित और कुशल समाधान प्रदान कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करना है। कार्यक्रम में 10 से अधिक अगली पीढ़ी के उत्पादों और समाधानों का अनावरण किया गया, जिनमें स्मार्ट बिजली वितरण, उन्नत स्वचालन, ईवी चार्जिंग नेटवर्क और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर जोर दिया गया। लाइव डेमो और संवादपरक प्रदर्शनी के माध्यम से इन नवाचारों को उद्योग से जुड़े लोगों के सामने प्रस्तुत किया गया।

# देश का निर्यात जून में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर

**व्यापार घाटा 18 .78 अरब डॉलर**



एजेंसी

नई दिल्ली। देश का वस्तु का निर्यात जून महीने में 35.14 अरब डॉलर पर लगभग स्थिर रहा, जो पिछले साल इसी महीने में 35.16 अरब डॉलर रहा था। हालांकि, आयात 3.71 फीसदी घटकर 53.92 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल 56 अरब डॉलर रहा था। वहीं, व्यापार घाटा 18.78 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जून में भारत का व्यापार घाटा घटकर 18.78 अरब डॉलर रह गया, जो मई में 21.88 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के मुताबिक व्यापारिक निर्यात जून में लगभग स्थिर 35.14 अरब डॉलर रहा है, जबकि पिछले साल जून में 35.16 अरब डॉलर था। इस दौरान आयात 3.71 फीसदी घटकर 53.92 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 56 अरब डॉलर था। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक सेवा क्षेत्र में भारत ने जून महीने में 15.62 अरब डॉलर का अनुमानित अधिशेष दर्ज किया है, जिसमें सेवा निर्यात 32.84 अरब डॉलर तथा आयात 17.58 अरब डॉलर रहा है। वहीं, जून में वस्तुओं और सेवाओं का संयुक्त निर्यात 67.98 अरब डॉलर रहा, जबकि संयुक्त आयात 71.50 अरब डॉलर रहा, जिसके परिणामस्वरूप जून माह के लिए शुद्ध व्यापार घाटा 3.51 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान निर्यात 1.92 फीसदी बढ़कर 112.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि आयात 4.24 फीसदी बढ़कर 179.44 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-जून के दौरान संचयी निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं) 210.31 अरब यूएस डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि अप्रैल-जून 2024 में यह 198.52 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो 5.94 फीसदी की अनुमानित वृद्धि है।

## उर्वशी रौतेला इस ब्रह्मांड की सबसे खूबसूरत लड़की : जस्सी गिल

एजेंसी

मुंबई। ग्लोबल सुपरस्टार उर्वशी रौतेला अभूतपूर्व वैश्विक सुपरस्टार हैं और अब जस्सी गिल अभिनीत उनकी नई फिल्म 'कसूर 2' को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री आखिरकार फिल्म के सेट पर शामिल हो गई हैं और फिल्म की शूटिंग फिलहाल जोरों पर चल रही है। काफी समय से जब से यह खबर आई थी कि उर्वशी रौतेला, जस्सी गिल के साथ काम करेंगी, अभिनेत्री के वैश्विक प्रशंसक बेकाबू हो गए थे और अब जैसी कि उम्मीद थी, उर्वशी और जस्सी का नवीनतम वीडियो सचमुच इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। उर्वशी रौतेला और जस्सी गिल दोनों को 'डेम उर ग्र' ट्रेंड में शामिल होते देखा गया और जैसी कि उम्मीद थी, प्रशंसक उनके बेहद खूबसूरत लुक और वीडियो के मनोरंजन की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। उर्वशी रौतेला और जस्सी दोनों को स्कूटी पर मुस्कुराते और बेहद मजाकिया अंदाज में देखा जा सकता है और वीडियो वाकई बहुत प्यारा है। कसूर 2' में उर्वशी की मौजूदगी और उनके साथ काम करने के बारे में, जस्सी गिल कहते हैं, श्उर्वशी रौतेला इस ब्रह्मांड की सबसे खूबसूरत लड़की हैं, वह सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली अभिनेत्री और हमारी कान्स की रानी हैं। मैं 'कसूर 2' के साथ हमारी पहली फिल्म में काम करके वाकई बहुत खुश हूँ। उर्वशी रौतेला के लिए प्रशंसा और सम्मान के कुछ यादगार शब्द और कहने की जरूरत नहीं कि वह इसकी पूरी हकदार हैं।



## फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने लांच किया मल्टी एसेट फंड

एजेंसी

जमशेदपुर। फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने निवेशकों के लिए नया फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया है। यह ओपन-एंडेड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करेगा। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि और बेहतर रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न देना है। फंड में लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट के साथ डेट, मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स और गोल्ड जैसी कमोडिटीज में निवेश शामिल रहेगा। न्यू फंड ऑफर 11 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक खुला है और यूनिट्स 10 प्रति यूनिट की कीमत पर उपलब्ध होंगी। कंपनी के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालकर ने कहा, 'यह स्कीम फ्रैंकलिन टेम्पलटन के वैश्विक अनुभव और एसेट एलोकेशन मॉडल पर आधारित है, जो निवेशकों के लिए संतुलित विकल्प देगी। सीआईओ जानकीरमन आर ने बताया कि फंड में इक्विटी चयन के लिए क्यूजीएसवी मॉडल (क्वालिटी, ग्रोथ, सस्टेनेबिलिटी, वैल्यूएशन) अपनाया जाएगा। राहुल गोस्वामी, सीआईओ इंडिया फिक्स्ड इनकम ने कहा, 'टॉप एसेट क्लास समय के अनुसार बदलते रहे हैं। ऐसे में मल्टी एसेट पोर्टफोलियो निवेशकों को कम जोखिम के साथ बेहतर रिटर्न देगा।

## ई बाइक गो ने खोला नया एसर इलेक्ट्रिक व्हीकल रिटेल आउटलेट



एजेंसी

रांची। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी स्टार्टअप में से एक ईबाइक गो प्राइवेट लिमिटेड ने रांची में अपने नए एसर इलेक्ट्रिक व्हीकल रिटेल शोरूम की शुरूआत की है। एसर इलेक्ट्रिक ऑउटलेट अब किशोरगंज पर खुल गई है। इस दुकान पर जाकर ऐसर के सभी इलेक्ट्रिक वाहन देख सकते हैं, फ्री टेस्ट राइड ले सकते हैं और भविष्य की शहर की स्मार्ट यात्रा का अनुभव कर सकते हैं। लॉन्च ऑफर के तहत ई-साइकिल की कीमत 35,999 से शुरू हो रही है। जल्दी ही नए ई-स्कूटर और ई-बाइक भी उपलब्ध होंगे। पूरे भारत में अपने विस्तार की योजना के तहत रांची का यह स्टोर उन 15 नए लोकेशनों में से एक है, जहां विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और ई-साइकिल भारतीय ग्राहकों को आसानी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। रांची में खुला नया शोरूम ई बाइक गो के शोरूम नेटवर्क को बढ़ाने की एक अहम शुरूआत है। यह शोरूम उन लोगों के लिए फायदेमंद होगा जो साफ-सुथरे और तकनीकी रूप से आगे ट्रांसपोर्ट में रुचि रखते हैं। ई बाइक गो रांची में एसर ब्रांड के ई-स्कूटर, ई-बाइक और ई-साइकिल लेकर आया है। ये गाड़ियाँ स्मार्ट, पर्यावरण के अनुकूल और अच्छा परफॉर्मेंस देने में माहिर हैं। इन्हें भारतीय सड़कों के हिसाब से बनाया गया है और ये शहर में यात्रा को और आसान व बेहतर बनाएंगी। ई बाइक गो के को-फाउंडर और सीओओ हरि किरण ने कहा कि हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अब ई बाइक गो पूरे भारत के 15 शहरों में तेजी से अपने फुटप्रिंट्स बढ़ा रहा है। इतना बड़ा विस्तार कुछ ही महीनों में हमारे अच्छे योजना की वजह से हुआ है। योजना के तहत हमने कई राज्यों में ऐसर इलेक्ट्रिक व्हीकल के रिटेल ऑउटलेट खोले। हमारा विस्तार हमारे पर्यावरण को बचाने वाले के लक्ष्य को दर्शाता है। हमारा मकसद भारत के ईवी मार्केट में एक बड़ी कंपनी बनना है और हर भारतीय के लिए साफ-सुथरा और हरा-भरा भविष्य बनाना है। इसके साथ ही हम अपने नए इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर जैसे ई-साइकिल, ई-स्कूटर और ई-बाइक को भी लोगों को उपलब्ध कराएंगे।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 317 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,570.91 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई पर निफ्टी भी 113 अंक बढ़कर 25,195.80 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर हीरो मोटोकॉर्प, सन फार्मा, बजाज ऑटो, अपोलो हॉस्पिटल्स, बजाज फिनसर्व के शेयरों में उछाल आया जबकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, इटरनल (जोमेटो) और टाटा स्टील के शेयर गिरे।

### सुपर डांसर चैप्टर 5 में सेंसेशनल सोमांश का जलवा

## मां के अटूट साथ ने दिखाई उड़ान की राह



एजेंसी

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का ह्यसुपर डांसर चैप्टर 5 केवल बच्चों के प्रतिभा मंच भर नहीं है, बल्कि यह उन माताओं की निस्वार्थ ममता और अटूट समर्थन का उत्सव भी है जो अपने बच्चों के सपनों को उड़ान देने में सबसे बड़ी ताकत बनती हैं। सोशल मीडिया पर इन छोटे-छोटे डांसिंग स्टार्स के परफॉर्मेंस को लाखों लोग देख और पसंद कर रहे हैं, यह साबित करते हुए कि दिल जीतने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती। उतराखंड के रामनगर से आए सेंसेशनल सोमांश डंगवाल के लिए भारत के सबसे बड़े डांसिंग मंच तक का सफर उसकी मां की हिम्मत और बिना शर्त प्यार की बदौलत ही मुमकिन हो पाया है। सेंसेशनल सोमांश के लिए उसकी मां कंचन डंगवाल सबसे बड़ी ताकत बनकर खड़ी हैं। वह कहती हैं,श्मैं कभी भी घर से बाहर निकलने से डरती थी। रामनगर जैसे छोटे शहर में तो सूर्यास्त के बाद बाहर जाना भी असुरक्षित लगता था। लेकिन अपने बेटे के सपने के लिए मैंने सारे डर पीछे छोड़ दिए, अपना शहर छोड़ा और मुंबई जैसे बड़े शहर में आ गई। एक मां अपने बच्चे के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। आज मुझे गर्व है कि सोमांश 'सुपर डांसर चैप्टर 5' जैसे बड़े मंच पर नजर आएगा। मुझे उसके टैलेंट पर पूरा भरोसा है और मैं हमेशा उसके साथ हूं। सोमांश इस बात को लेकर भावुक हो गया और उसने कहा, मुझे खुद को बहुत भाग्यशाली लगता है कि मेरी मम्मी हमेशा मेरे साथ हैं। मुझे पता है कि उनके लिए घर छोड़कर एक नए शहर में आना आसान नहीं था। लेकिन वह ये सब मेरे लिए कर रही हैं, और उनका प्यार ही मुझे हर दिन अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करता है ताकि मैं उन्हें गर्व महसूस करा सकूं। यह मां-बेटे की कहानी एक बार फिर याद दिलाती है कि हर छोटे कलाकार के पीछे एक शांत नायक होता है।

### इंडिगो, स्पाइसजेट, अकासा ने उड़ानों में देरी के कारण यात्रा परामर्श जारी किया

नई दिल्ली/मुंबई। मुंबई में भारी बारिश के कारण इंडिगो, स्पाइसजेट और आकासा एयर ने कई उड़ानों में अस्थायी व्यवधान के कारण यात्रा परामर्श जारी किया है। मुंबई में भारी बारिश के चलते मौसम विभाग (आईएमडी) ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इंडिगो, स्पाइसजेट और आकासा एयर ने मंगलवार को जारी बयान में भारी बारिश के बीच उड़ानें बाधित होने के कारण यात्रा परामर्श जारी किया है। मौसम विभाग ने मुंबई में भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। आईएमडी के मुताबिक अगले कुछ घंटों में मुंबई और ठाणे में मध्यम बारिश के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है। एयरलाइंस कंपनियों ने भारी बारिश की संभावना के बीच यात्रियों को उड़ानों में देरी की चेतावनी और यात्रा संबंधी सलाह जारी की है। इंडिगो ने जारी बयान में बताया है कि मुंबई में भारी बारिश के कारण कई उड़ानों में अस्थायी व्यवधान के कारण यात्रा संबंधी अपनी सलाह जारी की गई है।

## नथिंग फोन 3 और नथिंग हेडफोन 1 की बिक्री अब भारत में



एजेंसी

रांची। लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग (नथिंग) ने घोषणा की है कि दो प्रमुख उत्पाद आज दोपहर 12 बजे से पूरे भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे - नथिंग फोन (3), इसका पहला ट्रू फ़्लैगशिप स्मार्टफोन, और नथिंग हेडफोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद। दोनों उत्पाद, सुविचारित डिजाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक को नए सिरे से परिभाषित करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दशार्ते हैं। नथिंग फोन (3) ऐसे अभूतपूर्व नवाचार प्रस्तुत करता है जो स्मार्टफोन उद्योग में नए मानक स्थापित करते हैं। इस डिवाइस में प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें कम रोशनी वाले शॉट्स के लिए एक श्रेणी-अग्रणी 1/1.3 मुख्य सेंसर, लॉसलेस ऑप्टिकल ज़ूम और पूर्ण ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन के साथ सभी लेंसों पर सिनेमैटिक 4K 60fps वीडियो शामिल है। अल्ट्रा-नैरो बेजेल्स के साथ एक वाइब्रेंट 6.67 अमोलेड डिस्प्ले, और एक शक्तिशाली स्नैपड्रगन 8२ जेन 4 चिपसेट, ये सब एक प्रीमियम मॉड्यूलर डिजाइन में रिवोल्यूशनरी ग्लिफ मैट्रिक्स उपयोगकताओं को एक नजर में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने और फि्लप टू रिकॉर्ड और ग्लिफ टॉयज जैसे मनोरंजक अनुभवों का आनंद लेने की सुविधा देता है। फोन (3) में एक नया ट्राई-कॉलम लेआउट है जिसमें एक नया डिजाइन किया गया R-एंगल आकार है जो एर्गोनॉमिक्स को बेहतर बनाता है, जबकि सामने की तरफ एक समान 1.87 मिमी बेजेल्स हैं, जो फोन (2) की तुलना में 18% पतले हैं, जिससे एक ज्यादा शार्प और इमर्सिव अमोलेड स्क्रीन बनती है। नथिंग हेडफोन (1) ओवर-ईयर ऑडियो श्रेणी में नथिंग के प्रवेश का प्रतीक है। KEF के सहयोग से विकसित, यह एक्सप्रेसिव डिजाइन और सटीक इंजीनियरिंग का संयोजन है। कस्टम 40 मिमी डायनामिक ड्राइवर से लेकर हेड ट्रैकिंग के साथ रियल-टाइम स्पैटियल ऑडियो तक, यह एक गहन इमर्सिव सुनने का अनुभव प्रदान करता है। एल्युमीनियम और ढव मेमोरी फोम सहित प्रीमियम सामग्रियों का एक परिष्कृत मिश्रण पूरे दिन आराम सुनिश्चित करता है, जबकि खास टेक्टाइल कंट्रोल - रोलर, पैडल और बटन, वॉल्यूम, मीडिया और ANC पर निर्बाध नियंत्रण सक्षम करते हैं।

# रिलायंस का ब्रांड कैंपा अब नेपाल में भी

- रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और चौधरी ग्रुप ने नेपाल में लॉच की कैंपा
- यूएई, ओमान, कतर और बहरीन के बाद अब नेपाल में भी मिलेगा भारतीय ब्रांड कैंपा
- 250 मिली की कैंपा कोला, कैंपा ऑरेंज और कैंपा लेमन की कीमत 30 नेपाली रुपये होगी




एजेंसी

काठमांडू। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी में नेपाल में भारतीय पेय ब्रांड कैंपा को लॉन्च कर दिया है। रिलायंस ने 2023 में फिर से कैंपा को भारतीय बाजार में उतारा था। दो वर्षों के भीतर ही कैंपा ने भारतीय शीतल पेय बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी के तौर पर अपनी पहचान बना ली है। जीसीसी देशों जैसे यूएई, ओमान, कतर और बहरीन में लॉच के बाद कंपनी ने अब कैंपा ब्रांड को नेपाल में भी उतार दिया है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, केतन मोदी ने कहाः हम अपने सहयोगी चौधरी ग्रुप के साथ मिलकर अपने ब्रांड कैंपा के साथ नेपाल के बाजार में प्रवेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। कैंपा 50 साल पुराना भारतीय ब्रांड है, जिसे आज भी उपभोक्ताओं का प्यार मिल रहा है। हम इस क्षेत्र में तीव्र विकास की अपार संभावनाएँ देख रहे हैं। ग्राहकों को किफायती दामों पर वैश्विक गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने का हमारा अनुभव शानदार रहा है। हमें विश्वास है कि ब्रांड नेपाल के उपभोक्ताओं के लिए ताजा और बेहतरीन स्वाद पेश करेगा। कैंपा के नेपाल में लॉन्च पर चौधरी समूह के प्रबंध निदेशक, निर्वाण चौधरी ने कहा, हमें गर्व है कि हम नेपाल में कैंपा को रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ मिलकर लाए। यह साझेदारी उपभोक्ताओं को उच्च-गुणवत्ता वाले, पेय प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमें विश्वास है कि कैंपा उन स्थानीय उपभोक्ताओं के साथ मजबूती से जुड़ेगा जो स्वाद के दीवाने हैं। यह रणनीतिक गठबंधन न केवल हमारे पेय पोर्टफोलियो का विस्तार करेगा, बल्कि क्षेत्र के प्रतिस्पर्धी पेय बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में हमारी स्थिति को भी मजबूत करेगा। हम अपने मजबूत वितरण नेटवर्क और बाजार विशेषज्ञता का लाभ उठाकर कैंपा को नेपाल में एक लोकप्रिय ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। कैंपा पोर्टफोलियो की खास बात यह है कि यह अपने प्रतिद्वंदियों के मुकाबले अपने पेय काफी किफायती कीमतों पर बेचती है। नेपाल में कैंपा पोर्टफोलियो में शुरूआत में कैंपा कोला, कैंपा लेमन, कैंपा ऑरेंज, कैंपा एनर्जी गोल्ड बूस्ट और कैंपा एनर्जी बेरी किक शामिल होंगे। बाद में पोर्टफोलियो को बढ़ाया जाएगा।



# फैशन इंडस्ट्री में आपको चाहिए क्रिएटिविटी और आर्ट से अधिक स्किल्स

आज के फैशन इंडस्ट्री में आपको क्रिएटिविटी और आर्ट से अधिक स्किल्स चाहिए। फैशन इंडस्ट्री में लगभग 3,400 मिलियन लेबर फोर्स जुड़ा है। फैशन इंडस्ट्री में बढ़ती डिमांड के कारण इस क्षेत्र में करियर के ऑप्शन भी बढ़ रहे हैं। लेकिन इस इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए आपको क्रिएटिविटी और आर्ट के अलावा भी कई ऐसे स्किल्स हैं जिसकी मदद से बेहतर करियर बनाया जा सकता है। आइए इस विषय पर चर्चा करते हैं।

## बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स

एक सफल कोलॉबोरेशन के लिए एक फैशन डिजाइनर के रूप में अपने करियर को एक नए लेवल पर विस्तारित करने के लिए बेहतर कम्यूनिकेशन की आवश्यकता होती है। अपने विचारों को साझा करना, विचार एकत्र करना और आलोचना करना उचित और उचित संचार पद्धति के साथ-साथ चलते हैं।

## इफेक्टिव नीडल वर्क

एक फैशन डिजाइनर के रूप में, सिलाई सबसे बुनियादी स्किल्स में से एक बन जाती है। एक डिजाइनर के रूप में आपको अपने द्वारा डिजाइन किए गए कपड़े बनाने में सक्षम होना चाहिए। सब कुछ पूरी तरह से जुड़ जाता है जब आप एक शुरुआत के रूप में अपने डिजाइनों को शीट से बाहर लाने में शामिल तरीकों के अनुभवी ज्ञान की भावना विकसित करने के लिए कर सकते हैं।

## अच्छे शैक्षणिक संस्थान

अगर फैशन डिजाइनर बनना होगा है आपकी जड़ें मजबूत होनी चाहिए। फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करने से पहले यह जरूर चेक कर लें कि कौन-सा शैक्षिक संस्थान आपके लिए सबसे बेहतर होगा। इस विषय में इंटरनेट पर सारी जानकारियां मिल जाएंगे।

## सहयोगात्मक और टीम स्किल्स

एक फैशन डिजाइनिंग के स्टूडेंट के रूप में टीम स्किल्स बहुत आवश्यक हो जाता है। फैशन डिजाइनिंग ड्रेस डिजाइन करने के अलावा और भी बहुत कुछ है। इसके लिए ऐसे लोगों के साथ एक टीम की आवश्यकता होती है जो समस्या-समाधान को संभाल सकें, मुद्दों का समाधान कर सकें, एक दूसरे के साथ सहयोग कर सकें।





बीबीए यानि बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन आजकल विद्यार्थियों में खासा लोकप्रिय कोर्स है। यह मैनेजमेंट में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए ही बना है

# बीबीए के बाद दें अपने सपनों को नई उड़ान

अन्य क्षेत्रों की तरह ही इस क्षेत्र में वेतन पैकेज किसी व्यक्ति की क्षमताओं पर निर्भर करता है, लेकिन कोई भी प्रति माह 8000 से 30000 के बीच पैकेज की अपेक्षा कर सकता है। जिसमें सेल्स एग्जीक्यूटिव, रिसर्च असिस्टेंट, ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर, इवेंट मैनेजर या फिर फाइनेंसियल एनालिस्ट के रूप में आपको नौकरी मिल सकती है।

## मैनेजमेंट में पोस्टग्रेजुएट डिग्री



जैसे कि आप सभी जानते होंगे, बीबीए एमबीए की नींव रखता है। यह वास्तव में, एमबीए के लिए जरूरी कदम माना जा सकता है। दूसरे छात्रों के मुकाबले मैनेजमेंट से ग्रेजुएशन करने वाले छात्र के लिए एमबीए करना आसान हो जाता है क्योंकि उसे पहले से मैनेजमेंट के मूल सूत्रों के बारे में ज्ञान रहता है। बीबीए के बाद आप या तो एमबीए या पीजीडीएम कर सकते हैं। दोनों ही प्रोफेशनल पाठ्यक्रम हैं और आपको बिजनेस और मैनेजमेंट स्किल्स के बारे में ज्ञान प्रदान करते हैं। एक छात्र पोस्ट-ग्रेजुएशन स्तर पर अपनी पसंद के किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञ भी हो सकता है और भविष्य की करियर संभावनाओं को बढ़ा सकता है।

## कॉर्पोरेट क्षेत्र में विकल्प

बीबीए करने के बाद एक छात्र के पास बहुत सारे विकल्प रहते है, वो कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अपनी सफलता का परचम फैला सकता है और एक अच्छे वेतन के साथ नौकरी प्राप्त कर सकता है। इस कोर्स की बहुमुखी प्रकृति के कारण नौकरी के अवसर भी बहुमुखी होते है- जैसे कि फायनेंस, मार्केटिंग या फिर ऑपरेशन्स डिपार्टमेंट, साथ ही ह्यूमन रिसोर्स एग्जीक्यूटिव (मानव संसाधन कार्यकारी) के रूप में भी काम कर सकता हैं। इस कोर्स की खास बात ये भी है कि ये एक प्रोफेशनल कोर्स है और इसलिए विद्यार्थियों का प्लेसमेंट कॉलेज कैंपस में भी हो सकता है क्योंकि विभिन्न कम्पनियाँ कॉलेज में से ही नौकरी के लिए उम्मीदवार खोजती है।

## एक बिजनेसमैन बने

आजकल स्टार्टअप का जमाना है, जहाँ एक समय था जब लोग नौकरी कि चाह रखते थे वही आज बिज़नेस करने का मन रखने वाले युवाओं की गिनती भी लगातार बढ़ रही है। ग्रेजुएशन करने के बाद छात्र अपने आपको एक उद्यमी के रूप में देखना पसंद कर रहे है। बीबीए के एक छात्र को व्यवसाय से संबंधित ज्ञान दिया जाता है, जो उसे सफलतापूर्वक व्यवसाय चलाने के लिए आवश्यक कौशल हासिल करने में मदद करता है। नेतृत्व और संचार कौशल पर अत्यधिक ध्यान देने के कारण, छात्र सही निर्णय लेने और उद्यमी के रूप में अपना व्यवसाय को सफल बनाने में सक्षम हो जाता है।

## सरकारी क्षेत्र में कार्य

आईबीपीएस, एसबीआई और अन्य बैंक परीक्षाओं जैसी कई प्रतिष्ठित सरकारी परीक्षाएं बैंकिंग और व्यवसाय के ज्ञान पर जोर देती हैं। बीबीए में डिग्री के साथ, आप इन परीक्षाओं को आसानी से उत्तीर्ण कर सकते हैं। एक बीबीए छात्र को पाठ्यक्रम के दौरान बैंकों, उनके कामकाज और विभिन्न व्यापार-संबंधी मामलों के बारे में जानकारी दी जाती है, इसलिए एक मैनेजमेंट का छात्र निश्चित रूप से अन्य छात्रों के मुकाबले इस क्षेत्र में भी अव्वल हो सकता है।

## विदेशी दूतावासों में नौकरी

विभिन्न विदेशी दूतावासों को मैनेजमेंट की डिग्री वाले छात्रों की आवश्यकता होती है। छात्र एक विदेशी भाषा सीख सकते हैं और उस विशेष दूतावास में काम पर जा सकते हैं। छात्र टीओईएफएल या आईईएलटीएस जैसी परीक्षाएं भी दे सकते हैं और आगे के अध्ययन के लिए विदेश में जा सकते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र



बीबीए की डिग्री के साथ छात्र डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में भी अपने हाथ आजमा सकते है, इस क्षेत्र में अभी अपार संभावनाएं है। सोशल मीडिया और डिजिटलीकरण ने इस क्षेत्र में नौकरियों का भंडार लगा दिया है। आज विभिन्न मार्केटिंग और बिज़नेस स्किल्स को अपना लोग अपने व्यवसाय को नयी उच्चाइयों पर ले जा रहे है और इसलिए ही इस क्षेत्र में एक बीबीए के छात्र को आसानी से रोजगार के अवसर मिल सकते है। बुनियादी ज्ञान और अच्छे लेखन कौशल होने से आप इस नए पेशे में अपने करियर को तेजी से बना सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से, आप किसी भी कंपनी की छवि को बदलने और बिज़नेस और मार्केटिंग के लिए रणनीति बना सोशल मीडिया का स्मार्ट उपयोग कर सकते हैं। इन दिनों प्रचलित नौकरियों में कंटेंट राइटिंग और क्रिएटिव राइटिंग जैसे कई अन्य विकल्प भी शामिल हैं, जिनसे आप विज्ञापन एजेंसियों और दूसरी कंपनियों के लिए लिख कर पैसा कमा सकते है।

## अन्य विशेष कोर्स में करियर

मैनेजमेंट में डिग्री कर एक छात्र अन्य पाठ्यक्रमों जैसे होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म में भी विशेष डिग्री कर अपना करियर बना सकता है। इसके अलावा विद्यार्थी चार्टर्ड अकाउंटेंट भी बन सकते हैं, जिसके लिए उसके तीन चरणों को उत्तीर्ण करना होगा। एक छात्र चाहे तो कई सर्टिफिकेशन कोर्स भी कर सकता है - जैसे की प्रमाणित विश्लेषक कार्यक्रम (सीसीएपी), फायनेंस में एग्जीक्यूटिव कोर्स या रिस्क मैनेजमेंट में डिग्री कर भी करियर बना सकता है। इसलिए, बीबीए के बाद कई विकल्प हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि आपकी रुचि कहाँ है। अपने विकल्पों का मूल्यांकन करें, अपनी रुचियों का आत्म निरीक्षण करें और आगे का सबसे अच्छा तरीका चुनें।

## कुछ अलग क्षेत्र

एक अलग क्षेत्र का चयन करना उन छात्रों के लिए अच्छा तरीका हो सकता है, जिनकी बिज़नेस और मैनेजमेंट क्षेत्र से बाहर निकलने की इच्छा है क्योंकि उनका पाठ्यक्रम के दौरान या बाद में कोर्स में रुचि नहीं थी। मास कम्युनिकेशन, ट्रेवल एंड टूरिज्म जैसे कार्यक्रम ग्रेजुएशन के ज्ञान का उपयोग कर और नया ज्ञान दे, एक छात्र के करियर को नयी दिशा दे सकते है। बिज़नेस जर्नलिज्म, मास कम्युनिकेशन करने के बाद एक अच्छा क्षेत्र है, जो एक छात्र को अपने दोनों पाठ्यक्रमों के ज्ञान का उपयोग करवाएगा।



# खेल में करियर बनाने के लिए जरूरी हैं ये बातें



पिछले कुछ वर्षों से भारत में क्रिकेट के साथ-साथ टेनिस, हॉकी, कबड्डी, फुटबॉल आदि खेलों में भी युवाओं की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। आउटडोर व इनडोर खेले जाने वाले ऐसे तमाम स्पोर्ट्स हैं, जिनमें से आप अपनी पसंद के अनुसार किसी एक को चुनकर उसे अपना पैशन बना सकते हैं। अगर आप किसी खेल के दीवाने हैं, दिन-रात हर समय आंखों के सामने वही छाया रहता है, तो फिर अपने इस शौक को जुनून बनाने से पीछे न हटें। घर-परिवार को कनविंस करें, स्कूल-कॉलेज या क्लब की टीम में शामिल हों और हर मोर्चे पर सक्रिय रहते हुए अपनी अलग पहचान बनाएं। कुछ नया और अलग करने का प्रयास करके ही आप दूसरों की नजरों में आ सकते हैं और लगातार आगे बढ़ने का मौका हासिल कर सकते हैं। जरूरी नहीं कि आप क्रिकेट ही खेलें, आप अपनी पसंद के अनुसार हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, टेनिस, तीरंदाजी, बॉक्सिंग, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग आदि जैसे खेल या फिर शतरंज, टेबल टेनिस आदि जैसे इनडोर गेम्स को भी चुन सकते हैं।

## आम से बनें खास

सचिन तेंडुलकर से लेकर महेंद्रसिंह धोनी और विराट कोहली तक तमाम खिलाड़ी सामान्य मध्यमवर्गीय परिवारों से निकले हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और जज्बे से दुनिया भर में देश का नाम रोशन किया। मगर ये युवा कामयाबी के शिखर पर इसलिए पहुंच पाए, क्योंकि इन्होंने जिस खेल को पसंद किया, उसमें पूरी तरह डूब गए। दिन-रात सीखते रहने के जज्बे से वे बिना रुके लगातार आगे बढ़ते गए। जिसके घर-परिवार, माता-पिता को शायद पूरा शहर भी नहीं जानता था, उसे देश क्या, दुनिया जानने पहचानने लगी। आप भी जो खेल पसंद करें, अगर उसमें अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो उसे आधे-अधूरे मन से खेलने या टाइम-पास करने के बजाए रणनीति बनाकर उसमें आगे बढ़ें। माता-पिता को इसके लिए सहमत करें। आपकी प्रतिभा देख वे भी आपको आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## अति-आत्मविश्वास नहीं

तैयारी की दिशा में आगे बढ़ते हुए आपकी नजर हमेशा लक्ष्य पर होनी चाहिए। जरूरी नहीं कि लक्ष्य हमेशा एक ही रहे। एक उपलब्धि पाने के बाद स्वाभाविक रूप से आपका लक्ष्य उससे बड़ा हो जाता है। हां, एक बात हमेशा गांठ बांधकर रखें- अपनी उपलब्धियों को लेकर कभी भी अति-आत्मविश्वासी न हों। उपलब्धियों पर खुश जरूर हों लेकिन खुशी को कभी भी गुरूर न बनने दें।

## सीखने को रहें तत्पर

किसी भी क्षेत्र में कभी कोई शत-प्रतिशत पूर्ण या पारंगत नहीं होता। ऐसे में सीखने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। आप किसी से भी सीख सकते हैं, फिर वह उम्र में आपसे बड़ा हो या छोटा। हो सकता है कि प्रतिद्वंद्वी टीम या उसके खिलाड़ी से आपको कुछ सीखने को मिल जाए। आप तभी सीख सकते हैं, जब आप इसके लिए उत्सुक रहेंगे। अपना दिमाग, आंखें और कान खुले रखेंगे।

## हार से सबक

हो सकता है कि आप कभी किसी टीम या खिलाड़ी से बार-बार हार रहे हों। इससे आपकी हताशा बढ़ रही हो। आप अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए जितना परेशान होते हैं, परिणाम और बुरा होता जाता है। अगर कभी ऐसा होता है, तो चिंतित होने के बजाए सबसे पहले यह सोचें कि आखिर आपसे चूक कहां हो रही है। आखिर ऐसी कौन-सी कमजोरी है, जिसका फायदा प्रतिद्वंद्वी को मिल रहा है? उस कमजोरी को तलाशें और थोड़ी अतिरिक्त मेहनत करके उस पर काबू पाएं। हो सके, तो इस बारे में किसी कोच या सीनियर खिलाड़ी की मदद भी लें।

## पढ़ाई भी साथ-साथ

ऊपर के बदले हुए मुहावरे के अनुसार बेशक आज खिलाड़ी नाम कमाने के साथ-साथ खूब पैसा भी कमा रहे हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप पढ़ाई को पूरी तरह भूलकर खेल में रम जाएं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने और हर तरह के लोगों से स्मार्ट कम्युनिकेशन के लिए एक स्तर तक पढ़ाई भी बेहद जरूरी होती है। आप देखेंगे कि दुनिया के तमाम सफल खिलाड़ी खेलों में जोरदार प्रदर्शन के साथ-साथ अपनी बातों को भी बेहद कुशलता के साथ सामने रखते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि आप अपनी पसंद के खेल को समय देने के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें।



# हिंदी फिल्में बस पैसों पर टिकीं, संजय दत्त को अब साउथ सिनेमा में दिलचस्पी

शिल्पा शेट्टी और ध्रुव सरजा गुरुवार को मुंबई में अपनी आगामी कन्नड़ फिल्म केडी-द डेविल का टीजर लॉन्च करने के लिए एक इवेंट में शामिल हुए। वहां प्रेस से बात करते हुए संजय दत्त ने खुलकर बताया कि वह बॉलीवुड की बजाय साउथ की फिल्में ज्यादा क्यों चुन रहे हैं और कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अब जुनून की कमी है। संजय दत्त से पूछा गया कि टॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद अब उन्हें क्या अलग लगता है, तो उन्होंने कहा कि वो जुनून खत्म हो गया है। बॉलीवुड में अब जुनून की कमी है। उन्होंने कहा, मैं टॉलीवुड से वह जुनून वापस लेना चाहता हूं जो बॉलीवुड ने खो दिया है। और मुझे उम्मीद है कि यह वापस आएगा। यही वह चीज है जिसकी मुझे अपने देश में कमी खलती है, एक अच्छी फिल्म बनाने का जुनून। उन्होंने आगे कहा, जानते हैं, यह नंबर्स के बारे में नहीं है। बॉलीवुड में सब कुछ पैसे के बारे में है। लेकिन यह पैसों के बारे में नहीं होना चाहिए, बल्कि जुनून के बारे में होना चाहिए। संजय दत्त ने इस इवेंट में फिल्म द राजा साब में प्रभास के साथ काम करने के बारे में भी बात की और बताया कि प्रभास ने उन्हें कितना खिलाया है। एक्टर ने कहा, जानते हैं, मैं तेलुगू सीखने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि मैं प्रभास के साथ एक फिल्म कर रहा हूं। मैं द राजा साब नाम की एक फिल्म कर रहा हूं। प्रभास मुझे खूब खिलाते हैं। वह सबसे अद्भुत, बेहतरीन लोगों में से एक और एक बेहतरीन अभिनेता हैं।
बिना किसी के कहे, उन्होंने कहा कि उन्हें चिरंजीवी से प्यार है और बोले, और मुझे चिरंजीवी सर बहुत पसंद हैं। उन्होंने यहां मुन्ना भाई जैसी फिल्में की हैं। मेरा उनके साथ एक खूबसूरत रिश्ता है। भगवान उनका भला करे। बात करते हुए संजय ने नागार्जुन को बहुत करीबी दोस्त, भाई जैसा बताया और राम पोथिनेनी, जिनके साथ उन्होंने डबल आईस्मार्ट (2024) में काम किया था, उनको शानदार कहा।



# मधुर भंडारकर की फिल्म द वाइव्स में मौनी रॉय की एंट्री हुई कन्फर्म

मौनी रॉय अपनी उपलब्धियों के साथ वैश्विक स्तर पर प्रगति कर रही हैं, जिसने उन्हें एक बहुमुखी प्रतिभा के रूप में स्थापित किया है, जिसे नज़रअंदाज़ करना असंभव है। हाल ही में मौनी ने सोशल मीडिया पर मेकअप रूम से एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, जिसके बाद फैंस कयास लगाने लगे कि उनका अगला प्रोजेक्ट क्या होगा। अब उन्होंने खुद पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म मधुर भंडारकर की आने वाली फिल्म 'द वाइव्स' है। इस फिल्म में मौनी रॉय के साथ सोनाली कुलकर्णी, रेजिना कैसंड्रा, अर्जन बाजवा, सौरभ सचदेवा, राहुल भट्ट और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार नजर आएंगे। अपनी कास्टिंग की पुष्टि करते हुए, मौनी ने भी फिल्म निर्माता और क्लैपबोर्ड के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, इस नई फिल्म का पहला दिन, जिसके लिए मैं बेहद उत्साहित हूं। इस मास्टर फिल्ममेकर मधुर भंडारकर के साथ काम करने का अवसर पाकर आभारी हूं। 'द वाइव्स' में मधुर भंडारकर एक बार फिर अपने अनोखे और निर्भीक फिल्म निर्माण के अंदाज़ में जटिल और संवेदनशील विषय को छूने जा रहे हैं। इस बार, बॉलीवुड की पत्नियों की असल ज़िंदगी पर ध्यान केंद्रित किया गया है, और यह दिखाया गया है कि जब वे चकाचौंध, पैपराज़ी, रेड कार्पेट और हाई-प्रोफाइल पार्टियों से दूर होती हैं, तो क्या होता है। 'फैशन' में फैशन इंडस्ट्री के पीछे की सच्चाई दिखाने के बाद, और 'हिरोइन' में शोहरत की उथल-पुथल भरी दुनिया को सामने लाने के बाद, मधुर भंडारकर अब 'द वाइव्स' के ज़रिए अपनी फिल्म निर्माण की ऊँचाईयों को और ऊपर ले जा रहे हैं। मौनी रॉय के लिए, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक के साथ यह सहयोग उनकी पिछली व्यावसायिक फिल्मों की तुलना में उनकी नाटकीय क्षमता को और अधिक विविध तरीकों से प्रदर्शित करेगा, जो उन्हें भारतीय सिनेमा की बहुमुखी कलाकारों में से एक के रूप में स्थापित करेगा। बिना किसी गॉडफादर की मदद के, टेलीविजन से मुख्यधारा के सिनेमा में उनके सराहनीय परिवर्तन को देखते हुए, द वाइव्स में उनका शामिल होना उनके उभरते करियर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



# सैयारा को लेकर उत्साहित संदीप रेड्डी

फिल्म सैयारा इसी महीने रिलीज को तैयार है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी और मोहित सूरी निर्देशित इस फिल्म से दो नए सितारे इंडस्ट्री को मिलने वाले हैं। चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे और अनीत पड्डा उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म की रिलीज से पहले संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## फिल्म देखने के लिए बेकरार

संदीप रेड्डी वांगा ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर फिल्म सैयारा का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, पूरी तरह से रोमांस और ड्रामा पर केंद्रित एक हिंदी हार्टलैंड की लव स्टोरी देखने को मिल रही है। इसे पहले दिन देखने का बेसब्री से इंतजार है। नए कलाकारों को शुभकामनाएं। यह पूरी तरह से मोहित सूरी का जादू है।

## कब रिलीज होगी फिल्म?

हाल ही में फिल्म सैयारा का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। यह लव स्टोरी फिल्म है। ट्रेलर में रोमांस, म्यूजिक और इमोशंस से भरी कहानी में एक कपल को दिखाया गया है, जो एक-दूसरे से प्यार तो बेशुमार करते हैं, लेकिन हालात उन्हें दूर कर देते हैं। बता दें कि यह फिल्म 18 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## नेटिजन्स ने मांगा स्पिरिट पर अपडेट

रणबीर कपूर अभिनीत एनिमल फेम डायरेक्टर संदीप रेड्डी वंगा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म है स्पिरिट। इसमें एक्टर प्रभास लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा तृप्ति डिमरी भी फिल्म का हिस्सा हैं। संदीप रेड्डी वांगा के पोस्ट पर नेटिजन्स रिएक्ट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, इस फिल्म को हम भी देखेंगे। लेकिन, हमें स्पिरिट का बेसब्री से इंतजार है। एक अन्य यूजर ने लिखा है, अन्ना स्पिरिट पर अपडेट दो।



# प्यार को ज्यादा गंभीरता से लें, तो यह 'मुश्किल' हो जाता है

अभिनेता शब्बीर अहलूवालिया के रोमांटिक-कॉमेडी टीवी शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' की कहानी को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेता ने बताया कि प्यार तभी मुश्किल लगता है, जब आप इसे बहुत गंभीरता से लेने लगते हैं या उससे बहुत ज्यादा उम्मीदें रखने लगते हैं। शब्बीर ने प्यार के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर इसे बहुत गंभीरता से लिया जाए, तो यह मुश्किल हो सकता है। सीरियल 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' के संदर्भ में शब्बीर ने कहा, प्यार तभी मुश्किल लगता है, जब आप इसे बहुत गंभीरता से लेते हैं या उससे बहुत ज्यादा उम्मीदें रखते हैं। प्यार तो अपने आप खिलता है। अगर आप इसे स्वाभाविक रूप से होने दें, तो यह बहुत खूबसूरत है। शब्बीर ने शो में अपने किरदार युग और उसकी ऑन-स्क्रीन प्रेमिका कैरी के प्यार पर बात की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, कैरी के लिए प्यार ज्यादा मुश्किल नहीं है, लेकिन युग को प्यार करना? ओह, अगर मैं कैरी होता, तो शायद ऐसा नहीं करता! शब्बीर ने साल 1999 में 'हिप हिप हुर्रे' से अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', 'क्या हादसा क्या हकीकत', 'कहीं तो मिलेंगे', 'काव्यांजलि', 'कसम से', 'कसौटी जिंदगी की', 'लागी तुझसे लगन' और 'कयामत' जैसे सीरियलों में उनके किरदारों ने दर्शकों का दिल जीता। उनके किरदार आज भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाए हुए हैं। जब शब्बीर से पूछा गया कि क्या सोनी सब के 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में उनका किरदार युग भी पुराने अन्य किरदारों की तरह जादू चला पाएगा, इस पर शब्बीर ने कहा, मुझे उम्मीद है। युग एक ऐसा किरदार है जो आम नहीं है। वह जिंदगी के प्रति नकारात्मक और ज्यादा खुला हुआ नहीं है। पहली नजर में वह आकर्षक नहीं लगता, लेकिन यही उसकी खूबी है। अगर मैं दर्शकों को युग से प्यार करने के लिए मना सकूं, तो यह मेरे लिए बड़ी बात होगी। यह मेरा अब तक का सबसे प्यारा और गहरा किरदार है।

# सन ऑफ सरदार 2 का हिस्सा बनना सपने से कम नहीं है

कूब्रा सैत के लिए सोन ऑफ सरदार 2 का ट्रेलर लॉन्च सिर्फ एक और ग्लैमरस इवेंट नहीं था, बल्कि उनके करियर का एक बेहद खास और पर्सनल माइलस्टोन था। दमदार परफॉर्मेंस और बेबाक किरदारों से अपनी अलग पहचान बना चुकीं कूब्रा पहली बार किसी बड़ी फिल्म के ट्रेलर लॉन्च का हिस्सा बनीं। इस पल को लेकर उन्होंने कहा ये मेरे लिए वाकई बहुत खास है। ये मेरा पहला बड़ा ट्रेलर लॉन्च इवेंट है और इतनी बड़ी फिल्म और शानदार टीम का हिस्सा बनना किसी सपने से कम नहीं है। फिल्म में मेहविश का किरदार निभा रहीं कूब्रा इवेंट में ढोल की बीट्स पर डांस करते हुए एंट्री करती दिखीं—जिससे फिल्म की एनर्जी साफ झलक रही थी। वह अपने बोल्ड लेकिन ग्रेसफुल लुक में काफी खूबसूरत नजर आईं और पूरे कॉन्फिडेंस के साथ यह पल जिया। फ्रेंचाइज़ी की यादों को ताज़ा करते हुए उन्होंने कहा- सोन ऑफ सरदार को रिलीज़ हुए 12 साल हो गए हैं। मैंने भी इसे बाकी लोगों की तरह सिनेमाघर में देखा था। उस वक़्त जो दीवानगी थी, वो अलग ही लेवल की थी। अब जब मैं इसके दूसरे भाग का हिस्सा हूं, तो ये मेरे लिए एक पूरा सर्कल पूरा होने जैसा है। सेट पर बने रिश्तों को लेकर कूब्रा ने कहा- मुझे रोशनी, अश्विनी मैम, शरद सर, चंकी सर और कई और कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। मृणाल (थाकुर) और अजय सर के साथ स्क्रीन शेयर करना भी बेहद खास रहा। हम साथ में खाते थे, खूब हँसी-मजाक करते थे और ढेर सारी यादें बनाई हैं। अजय देवगन के साथ काम करने को लेकर उन्होंने दिल से कहा- वो एक लीजेंड हैं। लेकिन जो चीज़ उन्हें और खास बनाती है, वो है उनका लोगों को एक साथ लाना। उन्होंने अपने अनुभव को खुले दिल से शेयर किया, जो मेरे लिए बहुत इंस्पायरिंग रहा। भावनाओं से भरे पलों से लेकर दमदार एक्शन तक, सोन ऑफ सरदार 2 एक शानदार सिनेमैटिक अनुभव देने का वादा करती है—और कूब्रा सैत के लिए यह उनकी मेनस्ट्रीम फिल्मी सफर की एक नई और खास शुरुआत है।





# खुशी कपूर के साथ रिश्ते पर वेदांग रैना ने की बात

**वेदांग रैना ने खुशी कपूर के साथ जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में साथ में काम किया है। तब से ही दोनों एक दूसरे के करीब हैं। दोनों में अच्छी बनती है। कयास लगाए जाते हैं कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और रिश्ते में हैं। हालांकि दोनों ने ना तो अपने रिश्ते के बारे में कुछ कहा है और ना ही अफवाहों से इंकार किया है। हालांकि अब वेदांग ने खुशी कपूर के साथ खास रिश्ते पर बात की है।**

बातचीत में वेदांग रैना ने खुशी कपूर के साथ अपने रिश्ते पर बात रखी। वह एक फैशन ब्रांड के साथ काम करने वाले हैं। वेदांग ने बताया कि खुशी के साथ काम करना हमेशा मजेदार रहा है। वेदांग ने खुशी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा खुशी के साथ काम करना बहुत मजेदार और अच्छा रहा। हमारे बीच स्वाभाविक सहजता है। हमारा रिश्ता सहज और सच्चा है, यह रिश्ता नए प्रोजेक्ट में दिखाई देता है। किसी ब्रांड का प्रचार करने के बारे में वेदांग ने कहा कि वह इसे लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। उन्होंने कहा ऐसा इसलिए क्योंकि यह जरूरी है कि आप जिस ब्रांड के साथ काम करने जा रहे हैं वह प्रमाणिक होना चाहिए ताकि वह बता सके कि मैं कौन हूं। मैं प्रमाणिक जुड़ाव देखता हूं चाहे वह उनका संदेश हो या उनका मूल्य हो। जोया अख्तर की आर्चीज में डेब्यू करने के बाद वेदांग आलिया भट्ट के साथ जिगरा में नजर आए। फिल्म से बहुत उम्मीदें की जा रही थीं, हालांकि यह फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।



# स्वीडन में पैदा हुईं, बॉलीवुड में कमाया नाम; कौन हैं एली अवराम

एक्ट्रेस एली अवराम एक बार फिर चर्चाओं में आ गई हैं। इस बार चर्चे की वजह हैं मशहूर यूट्यूबर-एक्टर आशीष चंचलानी। आशीष चंचलानी ने एली अवराम को गोद में उठाए हुए एक फोटो शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'फाइनली'। इसके बाद अब दोनों के एक-दूसरे को डेट करने की चर्चाएं शुरू हो गईं। एली अवराम एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं। 29 जुलाई 1990 को स्वीडन में पैदा हुईं एली ने कई भारतीय फिल्मों व रियलटी शोज में काम किया है। एली एक आर्टिस्ट फैमिली से आती हैं। उनके ग्रीक पिता एक मशहूर संगीतकार हैं और उनकी मां एक्ट्रेस रही हैं। एली को बचपन से ही इंडिया का डांस और गाने काफी पसंद आते थे। वो इंडिया से काफी प्रभावित थीं। 2013 में एली ने बॉलीवुड में 'मिकी वायरस' फिल्म से डेब्यू किया। इसमें उनके साथ मनीष पॉल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद एली कई बॉलीवुड फिल्मों में नजर आईं। इनमें 'किस किसको प्यार करूं', 'जबरिया जोड़ी', 'मलंग', 'गुड बाय' और 'गणपत' जैसी फिल्में शामिल हैं। फिल्मों के अलावा एली कई रियलटी शोज में भी दिदखाई दी हैं। इनमें 'बिग बॉस 7', 'झलक दिखला जा 7' और 'द ग्रेट इंडियन लॉफ्टर चैलेंज' शामिल हैं। एली ने ओटीटी पर भी काम किया है। वो ''टाइपराइटर' और 'इनसाइड एज 2' जैसी वेब सीरीज में नजर आई हैं। एली अवराम सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 8.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



# नोएडा पुलिस ने किया फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 12 दबोचे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की एक्सप्रेसवे थाना पुलिस ने सोमवार,15 जुलाई को एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 10 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह गिरोह सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस टावर केएम-7 के 17वें फ्लोर के फ्लैट में फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर रहा था। आरोपी गूगल ऐप के जरिए विदेशी नागरिकों का डेटा खरीदते थे और फिर उन्हें लोन देने के नाम पर स्काईप और टेलीग्राम जैसे ऐप्स से कॉल कर ठगी करते थे।



पूछताछ में सामने आया कि गिरोह लोन प्रोसेसिंग के नाम पर पीड़ितों से पहले 300 अमेरिकी डॉलर की मांग करता था, जिसे आरोपी Apple eBuy या Walmart जैसे गिफ्ट कार्ड के ज़रिए मंगवाते थे। जिन लोगों के पास पैसे नहीं होते थे, उन्हें यह गिरोह फर्जी चेक भेजता था, जिससे पीड़ित बैंक में चेक को मोबाइल के जरिए डिपॉज़िट करता था। यदि पैसा खाते में आ जाता, तो आरोपी उसे गिफ्ट कार्ड्स के माध्यम से हड़प लेते थे।

यह पूरा नेटवर्क गूगल से डेटा खरीदता था और उसका पेमेंट क्रिप्टो करेंसी (USDT) या डिजिटल गिफ्ट वाउचर्स में करता था, ताकि ट्रेस न हो सके। गिरोह डेटा में नाम और मोबाइल नंबर जैसी जानकारियों को ज़रूरत के अनुसार एडिट करता था। विदेशी नागरिकों को लोन की ज़रूरत होने पर वे या तो कॉल करते थे या "YES" लिखकर रिप्लाई करते थे, जिससे गिरोह उन्हें फंसाने की प्रक्रिया शुरू कर देता था।

पुलिस ने मौके से 10 लैपटॉप, 16 मोबाइल फोन, 9 लैपटॉप चार्जर, 9 हेडफोन, 5 कीबोर्ड, 5 माउस, एक इंटरनेट राउटर और एक आईफोन चार्जर बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और मणिपुर के लोग शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ भा.द.सं. की धारा 319(2)/318(4) बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा 66D के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस गिरोह का नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर का है और क्रिप्टो के जरिए पेमेंट लेने की वजह से इनका ट्रैक करना चुनौतीपूर्ण था। हालांकि, ठोस सूचना व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर में काम करने वाले सभी लोग फर्जी तरीके से विदेशी नागरिकों से ठगी कर रहे थे, और मामले की जांच आगे साइबर सेल व अन्य एजेंसियों की मदद से की जा रही है। पुलिस अब बरामद उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कर रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी जारी है।

# नोएडा की स्वच्छता को ग्रहण लगा रहे दिल्ली के माफिया!

## सेक्टर-89 में रोजाना फेंक रहे 100 ट्रक कचड़ा, 7 हाईवा जब्त

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-89 निम्मी विहार में अवैध रूप से हाइवा के जरिए खाली भूखंड पर चोरी से कूड़ा डाला जा रहा है।

जानकारी मिलते ही प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के जीएम एसपी सिंह की अगुवाई में एक टीम पहुंची। उन्होंने हाइवा और ड्राइवर दोनों को पकूड़ लिया। हाइवा चालक ने बताया कि यह सभी हाइवा दिल्ली से कूडा-कचरा लाकर यहां डाल रहे है।

उसने बताया कि रोजाना करीब 100 हाइवा यहां डंप किया जा रहा है। ये सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के नियमों का उल्लघंन है। ऐसे में प्राधिकरण के सहायक परियोजना अभियंता ने इस मामले में थाना फेज-2 को शिकायत की है। शिकायत के साथ हाइवा नंबर और मौके की फोटो भी दी गई है। जीएम प्राधिकरण ने बताया कि मौके पर सात हाइवा को पकूड़ा गया। जिनको थाने पर लाकर खूड़ा किया गया है। उन्होंने बताया कि नोएडा इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण में हिस्सा ले रहा है। ऐसे में बाहर से यहां लाकर कूडा डंप करना नियमों के खिलाफ है। इन सभी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।





# कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने की समीक्षा बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** युवा कांग्रेस संगठन सृजन की बैठक सैक्टर-93 युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर कार्यालय पर आयोजित किया गया।




मंगलवार को संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में गौतमबुद्धनगर जिला पर्यवेक्षक कोऑर्डिनेटर बनाए गए युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अश्वनी गुर्जर ने युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर तीनों विधानसभा के पदाधिकारी के बीच संगठन की समीक्षा की।

जिसमें गौतमबुद्धनगर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जावेद खान के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर की बैठक का सफल आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से एडवोकेट दिनेश अवाना कोऑर्डिनेटर मुजफ्फरनगर शहर कांग्रेस, गाजियाबाद संगठन सृजन अभियान कोडिनेटर राज़ कुमार पंडित, जावेद खान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर, बुलन्दशहर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष इसराईल गहलोत, नोएडा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीरज अवाना, ज़ेवर विधानसभा अध्यक्ष गौरव चौधरी,प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिम शाहबुद्दीन वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम भरोसे शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष हेमचंद नागर,राम गुप्ता, श्याम दीक्षित,सुमन राय,सैयद मजहर हुसैन,मधु राज,डा सीमा,राम कुमार शर्मा,व पीसीसी सदस्य मोहम्मद चांद, महेदी, सलमा रजा, गुलअफशा, परमवीर लोहिया, राजू भाटी, रणवीर भाटी, गौरव आधाना, श्याम बाबू,मनीष अवाना व समस्त कार्यकारी के सदस्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जन्मदिन की बधाई



*तुम जियो हजारों साल*
*साल के दिन हो पचास हज़ार*

**लड्डू पुत्री कीर्तिका सिंह निवासी-Z-399, सेक्टर-12 नोएडा के दूसरा जन्मदिन पर चेतना मंच की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें।**

**चेतना मंच परिवार**

# गणेश जाटव का बिशनपुरा में स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ के निदेशक बनाए जाने पर गणेश जाटव का गांव बिशनपुरा में स्वागत किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों ने गर्मजोशी से गणेश जाटव का स्वागत किया। स्वागत का कार्यक्रम दलित उत्थान सेवा समिति नोएडा के अध्यक्ष प्रीतम सिंह द्वारा समिति के संरक्षक बालक राम प्रधान के निवास किया गया।



इस मौके पर गणेश जाटव में सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया बालक राम प्रधान ने कहा हम भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने हमारे समाज को सम्मान देने का काम गणेश जाटव के रूप में किया है गणेश जाटव ने हमेशा अपने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में जनहित के कार्य किए हैं जिससे सभी समाज को लाभ मिला है। डॉ भीमराव अम्बेडकर पुरस्कालय इस बात का प्रमाण है कि वहां पर सभी वर्गों के बच्चे निशुल्क उच्च शिक्षा का लाभ ले रहे हैं आगे भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों में गणेश जाटव के द्वारा सभी को अधिकार मिले ऐसा हम भाई से उम्मीद करते हैं।

इस मौके पर प्रीतम सिंह जगत सिंह धर्मपाल सिंह सोहनलाल हरि किशोर बहादुर सुरेंद्र सिंह भीम सिंह बॉबी चौधरी चौ गोपाल सिंह चंद्रमा प्रधान पृथ्वी सिंह जय सिंह ठेकेदार इंजीनियर राम सिंह संतराम राजकुमार रोहित चौधरी सतपाल जाटव नथौली सिंह सुरेंद्र पाल अजय गौतम एडवोकेट प्रेम सिंह चरण सिंह तेज सिंह सौरभ चौधरी प्रशांत सुरजीत सिंह कृष्ण कुमार डागर रविकांत सत्येंद्र सिरोही भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# बेरोजगार कृषि स्नातकों को करेंगे प्रशिक्षित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने जनपद के बेरोजगार कृषि स्नातकों को जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 शासन के अन्तर्गत प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एसीजंक्शन) मुख्यमंत्री की एक अत्यंत प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य कृषि व सम्बन्धित विषयों में स्नातकों को प्रशिक्षित कर उन्हें योजना के निर्धारित प्राविधानों से लाभान्वित कर अपेक्षित उद्यमों की स्थापना करा कर रोजगार सृजन कराना तथा क्षेत्रीय कृषकों को उन्नत कृषि निवेशों की उपलब्धता तथा तकनीकी सहयोग प्रदान करना है।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि यह योजना केवल बेरोजगार कृषि स्नातकों के लिए है। इस योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक की आयु 21-40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अनुसूचित जाति-जनजाति व महिलाओं को अधिकतम आयु में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी। जनपद गौतमबुद्धनगर में वर्ष 2025-26 हेतु कुल 03 एग्रीजंक्शन केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

चयनित लाभार्थियों को व्यवसाय के लिए कुल 6 लाख के निवेश की आवश्यकता होगी, जिसमें एक लाख का निवेश स्वयं व शेष 5 लाख का निवेश बैंक ऋण के रूप में प्रदान किया जायेगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी आवेदन हेतु सहायता के लिए उप कृषि निदेशक, गौतमबुद्धनगर कार्यालय में 20 जुलाई तक सम्पर्क कर सकते हैं। योजना से सम्बन्धित और अधिक विस्तृत जानकारी एवं आवेदन करने के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय में कार्यरत प्राविधिक सहायक वर्ग-2 नवल सिंह शेखावत (मो0 न0 9460070027) से पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

# श्री शिव महापुराण कथा में किया समुद्र मंथन का वर्णन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शांभवी महामुद्रा द्वारा आयोजित श्री हनुमान मंदिर, सेक्टर-20, नोइडा में श्री शिव महापुराण की कथा के 5वें दिन में कथा वाचिका कनक लता कनक ने समुद्र मंथन की कथा का गायन किया। कुंभ 12वर्ष में ही क्यों पड़ता है बेल पत्र की एवं रुद्राक्ष की महिमा का भी वर्णन किया, क्यों लक्ष्मी मैया भगवान विष्णु से रूठ कर मायके आ गई ,उपमन्यु की कथा में बताया क्यों उन्होंने गाय के दूध के लिए शिव जी की तपस्या की।




इस अवसर पर पूर्व सिंचाई मंत्री नवाब सिंह नागर, फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, श्री राम मित्र मंडल अध्यक्ष डीपी गोयल, बजरंग लाल, राजेन्द्र गर्ग,शैलेन्द्र वर्णवाल, आर एस खुलवे, संस्था के संरक्षक राधा कृष्ण गर्ग, जेएम गुप्ता, अध्यक्ष सुधीर पोरवाल, राज कुमार अग्रवाल, रवि पोरवाल, डॉ शैलेंद्र पोरवाल, मनोज पोरवाल,नवीन पोरवाल, संदीप पोरवाल, लवकेश गोयल, सतपाल बंसल, दिलीप वैश्य, मयंक पोरवाल, हर्ष रावत, यश गुप्ता, अनिकेत मिश्रा, विनय गुप्ता, सुशीला शर्मा, आशा गुप्ता, रूवी गुप्ता, सीमा गोयल, आशा वर्णवाल, मधु वैश्य नीलम पोरवाल, नीलम गर्ग, निशा पोरवाल, किशना पोरवाल, सुजाता पोरवाल, राजोला पोरवाल, सीमा पोरवाल, मीरा वर्मा, ज्योति पोरवाल, सुशीला शर्मा,नीलम पोरवाल खोड़ा, कुसुम पोरवाल, माधुरी पोरवाल, मोहिनी पोरवाल, इंदू यादव, हर्ष रावत, रमेश पवार आदि बहुत माताओं बहिनों भईयों ने अमृत कथा का श्रवण किया।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है कौशल विकास मिशन : अमित चौधारी

## ग्रेटर नोएडा में मनाया गया विश्व युवा कौशल दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्र ग्रेटर नोएडा में विश्व युवा कौशल दिवस बड़ी ही भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। जिला समन्वक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन यज्ञदेव सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।




विश्व युवा कौशल दिवस के आयोजन अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत रोजगार कर रहे 11 यूथ आइकॉन को सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित यूथ आइकॉन ने अपने अनुभव कार्यक्रम में उपस्थित अन्य युवाओं के साथ साझा किये। इस दौरान विगत दिवस राजकीय आईटीआई नोएडा में आयोजित हुए रोजगार मेले में चयनित युवाओं को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं द्वारा अपने द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट को लेकर कौशल प्रदर्शनी का भी आवेदन किया गया, जिनका जिला पंचायत अध्यक्ष ने अवलोकन कर युवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व दीनदयाल ग्रामीण कौशल्य योजना में प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में कार्यरत उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदाता जेके फाउंडेशन, बॉन्सन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, जैन कोड प्राइवेट लिमिटेड, एसआरके, एमएस सपोर्ट व एचडीएफसी स्किल ट्रेनिंग सेंटर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही औद्योगिक इकाइयों इंडिया एक्सपो मार्ट, सी एंड एस, होटल रेडिसन, क्राउन प्लाजा आदि को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इन योजनाओं के माध्यम से हम अपने गांवों और कस्बों के उन युवाओं को जो संसाधनों के अभाव में पिछड़ जाते हैं, उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में संचालित यह योजना सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की राह भी खोल रही है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एचडीएफसी कौशल केंद्र की हेमलता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक कौशल विकास मिशन रवि प्रजापति, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह, प्रबंधक एचडीएफसी स्किल प्रशिक्षण केंद्र विकास गुप्ता, राजकीय आईटीआई एवं एचडीएफसी स्किल सेंटर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

GRV
BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!



Certified by :
ISO 9001
startupindia
MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com